लक्ष्य 9.4– वर्ष 2030 तक सभी देशों द्वारा अपनी–अपनी क्षमताओं के अनुसार कार्यवाही करते हुए वर्धित संसाधन उपयोग कुशलता तथा स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों एवं औद्योगिक प्रकियाओं के और अधिक अंगीकरण के साथ उद्योगों को संधारणीय बनाने के लिये उन्हें रेट्रोफिट करना और अवसंरचना का स्तरोन्नयन करना।

उपलब्धिः

- गैर–पारंपरिक ऊर्जा और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों का उपयोग।
- कम करने (Reduce), पुनःप्रयोग (Reuse)] पुनर्चक्रण (Recycle) में नवाचारों (Innovation) को प्रोत्साहित करना।
- जल प्रबंधन सहित पर्यावरण नियामक अनुपालन में सुधार करना।
- ऊर्जा क्षेत्र में अग्रसक्रिय नीतियों को अपनाना।
- अपर्" ाश्ट को कम करने हेतु ऊर्जा भण्डारण प्रणालियों के सम्बंध में उत्पादकता तथा प्रौद्योगिकी तक पहुंच में सुधार के लिए लक्षित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करना।
- नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से जागरुक कर वायु एवं जल प्रदूषण के स्तर के सम्बंध में सूचना विषमता को कम करना।
- उद्योगों द्वारा संसाधन पुनःप्राप्ति (recovery) प्रणाली को लागू करना तथा जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन का प्रयोग करना।
- उद्योगों के लिए सर्व सुविधा केंद्रों (Common Facility Centres) तथा सर्व उत्प्रवाह उपचार संयंत्रों (Common Effluent Traetment Plants) का विकास करना।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा भारी उद्योगों हेतु पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तथा अनुक्रियाकु" ाल विनियमों को लागू करना।

लक्ष्य 9.5– वर्ष 2030 तक नवोन्मेष को प्रोत्साहित करके और प्रति 1 मिलियन लोगों में अनुसंधान और विकास कामगारों की संख्या को बढ़ाकर तथा सार्वजनिक और निजी अनुसंधान और विकास पर व्यय को बढ़ाकर सभी देशों में विशेषकर विकासशील देशों में वैज्ञानिक अनुसंधान में वृद्धि करना और औद्योगिक क्षेत्रकों की प्रौद्योगिकी क्षमताओं का स्तरोन्नयन करना।

उपलब्धिः

- राज्य में अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण हेतु बजटीय प्रावधान।
- नवाचार जनित उद्यमशीलता विकास हेतु नीतिगत् ढांचा ।
- राज्य के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में कला इन्क्यूबे" ान तथा त्वरण केंद्रों का विकास, सीड (वित्त–पोशण) कोषों की स्थापना तथा उद्यमशीलता पाठ्यक्रम प्रारम्भ करना।

रणनीतिः

- अनुसंधान एवं विकास में औद्योगिक निवेश के साथ–साथ राज्य में अनुसंधान एवं विकास की अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- विशेषीकृत संस्थानों में प्रौद्योगिकियों के विकास तथा तकनीकी लिंकेज स्थापित करने के लिए तकनीकी इनक्यूबेटरों को स्थापित किया जाएगा।

सतत विकास लक्ष्यः 10 असमानताओं में कमीं

विजन

उत्तर प्रदेश सरकार गरीबी में जीवनयापन कर रहे लोगों का उन्नयन करने वाले समुचित लोकनीति हस्तक्षेपों के माध्यम से असमानताओं में कमीं लाने के लिये प्रतिबद्ध है। राज्य, स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्तापरक सेवाएं प्राप्त करने, कमजोर वर्गो हेतु सामाजिक सुरक्षा का ठोस आधार प्रदान करने, निर्धनता न्यूनकरण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण अवसंरचना तथा कृषि में लोक निवेश की वृद्धि सुनिश्चित करने का हर सम्भव प्रयास करेगी। सामाजिक एवं आर्थिक रुप से कमजोर वर्गो की अधिकाधिक सहभागिता हेतु और न्याय प्रदान करने के विद्यमान तौर–तरीकों में दक्षता लाने हेतु शासकीय ढांचों को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त करना होगा। राज्य में सर्वाधिक वंचित व्यक्तियों को पहचान प्रदान करने और मूलभूत गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के निमित्त उन्हें सहायता प्रदान करने तथा सामाजिक सुरक्षा से आच्छदित करने के लिये ग्राम पंचायतो को सशक्त बनाने पर जोर दिया जायेगा।

दृष्टिकोण

परम्परागत समाज में असमानता को कम करने के उद्दे" य से सामाजिक असमानता की व्याख्या करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। वंचित जन समूहों की आवाज और उनके प्रतिनिधित्व में वृद्धि करने हेतु उनका सामाजिक समावे" ा महत्वपूर्ण होता है ताकि आर्थिक तथा सामाजिक जीवन की स्थितियों में सुधार लाने की उनकी आकांक्षा को पूरा किया जा सके। सामूहिकता के इस दृष्टिकोण से ही विषमता के सम्बंध में व्याख्या करने हेतु कार्यक्रम तथा योजनायें बनायी जायेंगी और उन्हें क्रियान्वित किया जायेगा। सरकार का मुख्य दृष्टिकोण, प्राथमिक बाधाओं को दूर करने वाले और समावेशन हेतु विद्यमान आधारों को सशक्त करने वाली अति आवश्यक सेवाओं की गुणवत्ता तथा उनके विस्तार में सुधार करके समावेशी विकास करना है। उक्त प्रयास विशिष्टतः, सूचना के सम्बंध में अवरोधकों को कम करने में समुचित प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने पर भी लक्षित है। समावेशी विकास अपेक्षाकृत अधिक पारिश्रमिक रोजगार तथा स्वास्थ्य–परिणामों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु बच्चों की सार्वभौमिक पहुँच और विद्युत, जल ,सड़क, स्वच्छता तथा आवास जैसी मूलभूत सुंविधाओं की व्यवस्था में सुधार के रुप में प्रतिबिम्वित होगा। हस्तक्षेपों पर अल्पकालिक एवं दूरगामी प्रभाव डालने के लिये महिलाओं एवं बच्चों, पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

लक्ष्य

10.1– वर्ष 2030 तक आबादी के सबसे निचले 40 प्रतिशत लोगां की आय को राष्ट्रीय औसत से अधिक दर से बढ़ाना तथा उसे बनाये रखना।

10.2– वर्ष 2030 तक हर व्यक्ति को सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से सशक्त करना और बढ़ावा देना, चाहे वे किसी भी उम्र, लिंग, अशक्तता, प्रजाति, मूल, धर्म अथवा आर्थिक या अन्य स्थिति के हों।

10.3– समान अवसर सुनिश्चित करना तथा आय की असामनता को कम करना जिसके लिये भेदभावपरक कानूनों, नीतियों और व्यवहारों को समाप्त करना और इस संबंध में उपयुक्त विधान, नीतियों और कार्यवाई को प्रोत्साहित करना।

10.4– खासकर मौद्रिक, वेतन तथा सामाजिक संरक्षण नीतियों को अंगीकृत करना ओर कमशः उच्चतर समानता प्राप्त करना।

10.5– वैश्विक वित्तीय बाजारों और संस्थानों के विनियमन तथा अनुवीक्षण को बेहतर बनाना और एसे विनियमनों के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करना।

10.6– वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक तथा वित्तीय संस्थानों में निर्णयकारी प्रकिया में विकासशील देशों के लिये प्रतिनिधित्व तथा स्वर सुनिश्चित करना ताकि संस्थानों को अधिक प्रभावी, विश्वसनीय, उत्तरदायी तथा विधायी बनाया जा सके।

10.7– लोगों का व्यवस्थित, सुरक्षित, नियमित तथा उत्तरदायी प्रवास और गतिशीलता को सुगम बनाना जिसमें सुनियोजित तथा सुप्रबंधित प्रवास नीतियां शामिल हैं।

10.क– विश्व व्यापार संगठन के समझौते के अनुसार, विकासशील देशों और खासकर सबसे कम विकसित देशों के लिये विशेष और अलग व्यवहर के सिद्धान्त का कार्यान्वयन।

10.ख– खासकर सबसे कम विकसित देशों, अफ्रीकी देशों, छोटे द्वीपों, विकासशील राज्यों तथा जमीन से घिरे विकासशील देशों के ऐसे राज्यों के लिये उनकी राष्ट्रीय योजनाओं तक कार्यकमों के अनुरूप प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सहित राजकीय विकास सहायता तथा वित्तीय प्रवाह को प्रोत्साहित करना जिनकी आवश्यकतायें सर्वाधिक हैं।

10.ग– वर्ष 2030 तक प्रवासियों के लेनदेन लागत को घटाकर 3 प्रतिशत से कम करना तथा 5 प्रतिशत से अधिक लागत वाली जमा व्यवस्थाओं को समाप्त करना।

उपलब्धिः

- 60 वर्श से अधिक आयु के निराश्रित वृद्धों की पें" ान रू0 400/– से रू0 500/– करते हुए गत वर्श रिकार्ड 41.57 लाख लोगों को लाभान्वित किया गया है।

- **दिव्यांगजन की पें"ान रू0 300/— से बढ़ाकर रू0 500/—** करते हुये लगभग 10 लाख लोगों को लाभान्वित किया गया है।
- राश्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना अन्तर्गत रू0 20 हजार की एकमु" त सहायता देते हुये लगभग 22 हजार परिवारों को लाभान्वित किया गया है।
- निराश्रित वृद्धों की समुचित देखभाल एवं आश्रय देने हेतु समस्त जनपदों में वृद्धाश्रमों की स्थापना करते हुये विधिक मदद हेतु तहसीलवार, सुलह अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।
- मानसिक उपचारित व्यक्तियों के पुर्नवास हेतु वृद्धाश्रमों में लॉग स्टे होम व हॉफ वे होम की स्थापना की गयी है।
- **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना** अन्तर्गत अब तक 68 हजार कन्याओं के विवाह कराये गये।
- **निर्धन पुत्री विवाह योजना** अन्तर्गत अब तक 05 लाख परिवारों को लाभान्वित किया गया है।
- छात्रवृत्ति हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभिभावकों की आय सीमा रू0 02 लाख से बढ़ाकर रू0 02.50 लाख वार्शिक की गयी।
- वर्श 2018—19 में सभी वर्गों के रिकार्ड 01 करोड़ से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी।
- अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को पूर्वद" ाम् छात्रवृत्ति रू0 2250 से बढ़ाकर रू0 03 हजार की गयी।
- पारदर्" िता को बढ़ाने के उद्दे" य से प्रत्येक वर्श 02 अक्टूबर से सीधे बैंक खाते में छात्रवृत्ति प्रदान करने की व्यवस्था बनायी गयी है।
- अत्याचार उत्पीड़न अधिनियम के अन्तर्गत 15 हजार से अधिक परिवारों को रू0 155 करोड़ की आर्थिक सहायता दी गयी है।
- अत्याचार उत्पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने हेतु 25 नये वि" ोश अदालतों का गठन किया गया।
- **वनटांगिया, मुसहर, कोल तथा थारू समुदाय के ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं को विकसित किये जाने की कार्ययोजना का क्रियान्वयन।**
- 18 नये आश्रम पद्धति विद्यालयों की स्थापना का निर्णय लेते हुये सभी जनपदों को संतृप्त करने की योजना लागू की गयी है।
- अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जनपदों (सोनभद्र, ललितपुर एवं बहराइच) में नये एकलब्य माडल स्कूल की स्थापना की गयी है।
- श्रमिकों के बच्चों की ि" ाक्षा हेतु 18 मण्डलों में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।
- तीन तलाक जैसी कुप्रथा को दण्डनीय अपराध घोशित कर मुस्लिम महिलाओं का उत्पीड़न रोकने एवं लैंगिक असमानता को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

- मुस्लिम महिलाओं को सुविधा देते हुये हज यात्रा पर बिना महरम जाने की सुविधा प्रदान की गयी है।
- आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग के व्यक्तियों को भी ि" ाक्षा एवं सरकारी नौकरियों में 10 प्रति" ात आरक्षण की साहसिक पहल की गयी है।
- मदरसों में भी सी0बी0एस0सी0 बोर्ड के समान पढ़ाई की व्यवस्था लागू करते हुये छात्रो को एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0 से जोड़ा गया तथा छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।
- किन्नर समुदाय को सम्मानजनक जीवनयापन एवं समाज की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु **ट्रान्स जेन्डर बोर्ड के गठन** की पहल की गयी है।
- लैंगिक सन्तुलन एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकने की दृश्टि से **मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना** का भ्ाुभारम्भ किया गया है।

रणनीतिः

ऐसे सभी प्रयासों, जो गरीबी, अि" ाक्षा, भौगोलिक विकास में असंतुलन, कुपोशण इत्यादि को कम करने हेतु केन्द्रित है, से समाज में व्याप्त असमानता को दूर किया जा सकता है। आय के साथ–साथ उपलब्ध सेवाओं में बढ़ोत्तरी हेतु सभी आव" यक प्रयास किया जायेगा ताकि अगले 15 वर्शों में गरीबी को दूर करने में सफलता प्राप्त हो। ि" ाक्षा का सार्वभौमिककरण, गुणवत्ता बढ़ाये जाने, भ्ाालाओं में योग्य एवं समुचित ि" ाक्षकों की व्यवस्था, स्मार्ट क्लास एवं आधुनिक तकनीक का ज्यादा प्रयोग, ि" ाक्षा परिशदों के कार्यो में मूल्यवर्धन के साथ–साथ ि" ाक्षकों का गुणवत्तापूर्ण प्रि" ाक्षण, ि" ाक्षण प्रि" ाक्षण संस्थाओं का पुर्नगठन, मांग आधारित प्रि" ाक्षण दिया जायेगा।

- स्वरोजगार के माध्यम से अवसर उपलब्ध कराने हेतु अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों को बैंकों एवं विविध वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से ऋण एवं कौ" ाल सरल भार्तो पर प्रदान करने के साथ–साथ श्रम बाजारों में वंचित समूहों की भागीदारी बढ़ाने हेतु लचीले श्रम कानून एवं वृहद सामाजिक सुरक्षा का भी विकास किया जायेगा।
- कृशि क्षेत्र में विकास दर को तेजी से बढ़ाने हेतु कृशि विस्तार योजनाओं को समयान्तर्गत एवं कु" ालता से समस्त किसान भाईयों तक पहुॅचाना।
- ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसानों द्वारा परम्परागत गेंहू एवं धान की खेती के अतिरिक्त कृशि क्षेत्र में विविधीकरण (डाईवर्सिफिके" ान) के साथ–साथ डेयरी, प" ाुपालन, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन, मधुमक्खी पालन इत्यादि का इन्टीग्रेटेड बहुद्दे" ाीय कृशि माडल अपनाया जाना।
- ऋण उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं को वंचितों तक पहुॅच कर आसान एवं सरल भार्तो पर वित्त एवं कौ" ाल उपलब्ध कराने के साथ–साथ वित्तीय साक्षरता एवं अर्थव्यवस्था से भी जोड़ने की योजना सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुॅचाना।

- लैगिंक संवेदनात्मक एवं दिव्यांग मैत्रीपूर्ण भाासकीय संरचना एवं लोक सेवायें।
- विकास कार्यक्रमों हेतु जेन्डर बजटिंग एवं दृश्टिकोण।
- अल्पसंख्यकों हेतु आव" यक वित्तीय कार्यक्रम एवं समावे" ाी नीतियों का क्रियान्वयन।

प्रत्येक स्तरों यथा ग्राम, ब्लाक/तहसील, नगर पंचायत/नगर पालिका, जनपद स्तर पर पात्रों का चयन करते हुये लाभार्थियों को एक बहुउद्देशीय प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराना ताकि लाभार्थी अपने से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। इस तरह राज्य में सभी क्षेत्रों को लाभार्थियों की दृष्टि से संतृप्त करने के लिये योजनाबद्ध रूप से कार्य तंत्र विकसित करना अपेक्षित है।

सतत विकास लक्ष्यः 11 संवहनीय भाहर और समुदाय

विजन

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त शहरों व कस्बों में समावेशी, सुरक्षित, अनुकूलतम, आपदा–रहित, स्लम–मुक्त एवं स्मार्ट आई.टी. की पहुँच सहित, सतत् सक्षम प्रशासन, मूलभूत नगरीय सुविधायुक्त; यथा परिवहन सुविधायें, मार्ग–प्रकाश, पर्याप्त, सुरक्षित एवं सस्ते आवास व स्वच्छ, स्वस्थ एवं जीवनयोग्य वातावरण के साथ हरित व खुले सार्वजनिक स्थान, मलिन बस्तियों के उन्नतिकरण एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु कटिबद्ध है।

दृष्टिकोण

नगरों व शहरों का नियोजन और विकास नागरिकों की भागीदारी पर केन्द्रित है। इसलिए शहरों और नगरों के विकास की परिकल्पना सहभागिता के दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमें सार्वजनिक व निजी भागीदारी, गैर–सरकारी संगठनों और निवासियों के सामूहिक प्रयासों को बढावा मिलता है। शासन–प्रशासन, इस प्रकार के सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देकर लक्ष्य–प्राप्ति के प्रति कटिबद्ध है।

शहरी विकास के मूल में नगरीय–विकास हेतु बहु–नगरपालिका की परिकल्पना है। विकास के नये आयामों के सदर्भ में शासन–प्रशासन की संगठनात्मक व्यवस्था को लचीलेपन के साथ विकसित करना हैं एवं इसके प्रबन्धन को और अधिक क्रिया" ाील बनाने के लिए उक्त व्यवस्था को शा" वत बनाना होगा। शहरी क्षेत्रों में पानी की आवश्यकताओं की चुनौतियों का सामना करने के लिए जल संसाधनों के समुचित उपयोग को अपनाया जायेगा। जिसके लिए पानी के विभिन्न स्त्रोतों जैसे भूजल, सतही जल और वर्षा जल संचयन, जिसमें रिचार्ज/रूफ वॉटर संचयन एवं पाईपलाईन द्वारा अधिक अन्तरण सम्मिलित है, पर निर्भरता में बदलाव लाने की आवश्यकता है। जल आपूर्ति के सामुदायिक प्रबन्धन हेतु जल स्त्रोतों एवं संसाधनों के स्वामित्व और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा एवं प्रोत्साहित करने की संकल्पना करता है।

- वैश्विक अनुभव है कि राष्ट्रीय स्तर पर समाजिक, आर्थिक उन्नति और रोजगार के अवसरों के सृजन करने में शहरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश में आज तेजी से शहरीकरण हो रहा है और वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश की कुल आबादी का लगभग 22.2 प्रतिशत आबादी शहरों में निवासरत थी और विगत वर्षों के अनुभव तथा आकड़े यह परिलक्षित करते है कि शहरी क्षेत्रों में आबादी की वृद्धि दर तेजी से बढ़ी है। यह अनुमानित है कि वर्ष 2031 तक प्रदेश की लगभग 36 प्रतिशत आबादी शहरों में होगी।

- मा0 प्रधानमंत्री जी के संकल्प से सिद्धि के आवाहन की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिये मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल निर्देशन में राज्य के शहरों को विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करने हेतु प्रतिबद्ध है। विभाग की योजनायें तथा कार्यक्रम जैसे कि अमृत, स्मार्ट सिटी मिशन, हृदय योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,

मुख्यमंत्री अल्पविकसित मलिन बस्ती विकास योजना, नमामि गंगे, पं0 दीनदयाल उपाध्याय शहरी आवास योजना, कान्हा उपवन गौशाला आदि योजनाओं के माध्यम से शहरों के विकास हेतु किए जा रहे कार्य सतत् विकास के लक्ष्य–11 में वर्णित उद्देश्य ''समावेशी एवं सुरक्षित शहर'' की संकल्पना के अनुरूप है।

लक्ष्य 11.1: वर्ष 2030 तक सबके लिये पर्याप्त, सुरक्षित तथा सस्ते मकान और बुनियादी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा झुग्गी बस्तियों का विकास।

उपलब्धि एवं रणनीतिः

- सभी के लिये आवास के लक्ष्य की प्राप्ति देश के समावेशी विकास की संरचना का एक महत्वपूर्ण घटक है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत विगत ढाई वर्षों में अब तक 1342982 आवास शहरी क्षेत्र के लिए स्वीकृत किये गये हैं जिसमें से 253750 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस प्रकार उत्तर प्रदेश शहरी क्षेत्र में आवास उपलब्ध कराने में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला राज्य बन चुका है। देश की स्वतन्त्रता के 75वें वर्ष तक आवासीय सुविधा से प्रदेश के समस्त परिवार शत प्रतिशत संतृप्त हों इस हेतु हम प्रतिबद्ध है।
- आवासीय सुविधा के साथ–साथ शहरों में विद्यमान अल्पविकसित क्षेत्रों (झुग्गी– झोपड़ियों) में बुनियादी सुविधायें विकसित हो इस हेतु चिन्हित अल्पविकसित क्षेत्रों में विकास के लिये मुख्यमंत्री अल्पविकसित मलिन बस्ती विकास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। बुनियादी सुविधाओं के साथ–साथ गरीबों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाते हुए उन्हें तरक्की का अवसर उपलब्ध कराये जाने के लिये पं0 दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का क्रियान्वयन किया जा रहा है। शहरी पथ विक्रेताओं हेतु वेंडिंग जोन और बेघर हेतु आश्रय स्थल उपलब्ध रहें, इस हेतु भी विशेष ध्यान दिया गया है। शहरी आजीविका केन्द्रों के माध्यम से गरीब कामगारों को पंजीकृत कर रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। हमारा यह लक्ष्य है कि समस्त अल्पविकसित क्षेत्रों में सतत विकास के उद्देश्य के अनुरूप कोई भी बस्ती अथवा परिवार शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। वर्तमान में अमृत परियोजनान्तर्गत 01 लाख से ऊपर आबादी के चयनित 60 शहरों में व्यापक रूप से पेयजल, सीवरेज एवं हरित क्षेत्र (पार्कों) के विकास हेतु कुल लगभग 11400 करोड़ की परियोजनाओं पर सरकार कार्य कर रही है। वर्ष 2022 तक इन शहरों में शत प्रतिशत उपरोक्त बुनियादी सुविधाओं को विकसित किये जाने का लक्ष्य है।

लक्ष्य 11.2: वर्ष 2030 तक सबके लिये सुरक्षित, सस्ती तथा सुलभ और संधारणीय परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराना ताकि सड़क सुरक्षा बढे और सार्वजनिक परिवहन का विस्तार हो तथा कमजोर तबके, महिलाओं, बच्चों, अशक्तों और वृद्धों की जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

उपलब्धि एवं रणनीतिः

इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रदेश सरकार अनेक परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। जहां एक ओर बड़े शहरों में मेट्रो रेल परियोजना पर कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अनुकूल इलेक्ट्रिक बसें नगरीय परिवहन हेतु उपलब्ध हो, इस हेतु कार्य आरम्भ कर दिया गया है। लखनऊ नगर में उपरोक्त सुविधा शुरू कर दी गयी है। शीघ्र ही लगभग 700 और इलेक्ट्रिक बसें राज्य के विभिन्न नगरों में संचालित होना शुरू हो जायेंगी। नगरीय बस सेवा का विस्तार अन्य शहरों में किये जाने की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। सिटी बसों को जी0पी0एस0 युक्त बनाते हुए बसों के आवागमन/समय सारिणी के विषय में आम जन को सुगमता से सूचना रहे इस हेतु ''चलो ऐप'' बनाया गया है। परिवहन विभाग के साथ समन्वय कर सार्वजनिक परिवहन की सुविधा व्यापक रूप से बढ़ाये जाने हेतु कार्य किया जा रहा है। बड़े शहरों में मल्टीलेवल पार्किंग की परियोजना व स्मार्ट सिटी शहरों में इन्ट्रीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेन्ट सिस्टम परियोजना पर भी कार्य किया जा रहा है।

लक्ष्य 11.3: वर्ष 2030 तक समावेशी तथा संधारणीय और शहरीकरण तथा क्षमता की वृद्धि ताकि सभी देशों में सहभागितापूर्ण, एकीकृत संधारणीय मानव पुनर्वास योजना व प्रबंधन हो सके।

उपलब्धि एवं रणनीतिः

- शहरों का विकास मानकों के अनुरूप नियोजित किये जाने हतु आवास विभाग के साथ समन्वय कर एक लाख से ऊपर आबादी के समस्त 60 शहरों में मास्टर प्लान को जीआइएस बेस्ड बनाये जाने की परियोजना पर कार्य आरम्भ कर दिया गया है। अनियोजित विकास पर अंकुश हो इसके लिए 'रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण' (RERA) का गठन करते हुए उसे प्रभावी किया गया।
- पर्यावरणीय दृष्टिकोण से सतत् विकास की संकल्पना के अनुरूप गैर पारम्परिक ऊर्जा आधारित परियोजनाओं की ओर विशेष ध्यान दिया गया है। नगरीय क्षेत्र में लगभग 8 लाख परम्परागत स्ट्रीट लाइटों को परिवर्तित कर कम ऊर्जा खपत वाली एलईडी लाइट के अधिष्ठापन का कार्य किया गया है।
- प्रदेश के शहर विश्व स्तरीय शहरों के रूप में विकसित हो, इस हेतु देश के चयनित 100 स्मार्ट सिटीज में से 10 शहर यथा लखनऊ, बनारस, मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, झांसी, गाजियाबाद, बरेली, आगरा, मुरादाबाद का चयन उत्तर प्रदेश राज्य से किया गया और इन शहरों में स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत उपरोक्त चयनित शहरों की परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु मिशन अन्तर्गत दस हजार करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी। प्रदेश के अवशेष नगर निगम भी स्मार्ट शहर के रूप में विकसित हों, इस हेतु राज्य सरकार द्वारा

इस वर्ष निर्णय लिया गया है। छोटे निकायों के समेकित विकास हेतु पं0 दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना प्रारम्भ की गयी है।

लक्ष्य 11.4 : विश्व के सांस्कृतिक और प्राकृतिक दायों की संरक्षा और सुरक्षा के प्रयासों का सुदृढ़ीकरण।

उपलब्धि एवं रणनीतिः

- हेरीटेज बाइलॉज को मास्टर प्लान में अंगीकृत करने हेतु कार्यवाही किये जाने के साथ–साथ पुरातत्व विभाग के साथ समन्वय कर चिन्हित 143 ऐतिहासिक स्मारकों के रख–रखाव को भी सुनश्चित करने की ओर हम प्रतिबद्ध है।
- वैश्विक पटल पर सांस्कृतिक धरोहरों को अप्रतिम पहचान मिले इस हेतु प्रयागराज में आयोजित कुम्भ महापर्व पर विशेष ध्यान दिया गया और पूरे विश्व ने उक्त आयोजन को सराहा तथा हमारी संस्कृति को वैश्विक स्तर पर एक नयी पहचान मिली। हृदय परियोजना के अन्तर्गत मथुरा तथा वाराणसी नगर में ऐतिहासिक/सांस्कृतिक धरोहरों को संजोने का कार्य किया जा रहा है।
- गोरखपुर में रामगढ़ ताल और झांसी में लक्ष्मी ताल को पुनर्जीवित कर पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किया गया। अयोध्या का दीपोत्सव, बरसाना का रंगोत्सव एवं रामायण महोत्सव इत्यादि आयोजनों की शुरूआत सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा की गई अभिनव पहल है।
- विभिन्न देशों के मध्य सामाजिक सांस्कृतिक एवं आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने हेतु की जा रही ट्विन सिटी एग्रीमेंट के क्रम में उजबेकिस्तान के शहर 'समरकन्द' तथा भारत के 'आगरा' शहर के मध्य ट्विन सिटी एग्रीमेन्ट अक्टूबर, 2018 में एवं नगर निगम, आगरा और जार्डन के शहर पेट्रा के मध्य ट्विनिंग एग्रीमेन्ट, फरवरी 2018 में किया गया है।

लक्ष्य 11.5: वर्ष 2030 तक मौतों की संख्या को काफी कम करना तथा जल आपदाओं सहित अन्य आपदाओं सहित सकल घरेलू उत्पादों को होने वाले आर्थिक नुकसान से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या में कमी करना जिसमें कमजोर परिस्थितियों में रह रहे गरीबों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया हो।

उपलब्धि एवं रणनीतिः

- राज्य में आपदाओं की स्थिति में जनहानि और नुकसान को कम किये जाने हेतु आपदा प्रबन्धन के लिये उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा किसी प्रकार की आपदा की स्थिति में जनहानि अथवा आर्थिक नुकसान कम हो, इस हेतु जमीन स्तर से लेकर शासन प्रशासन सर्वोच्च स्तर के मध्य आपदा प्रबन्धन हेतु ऐसी व्यवस्था विकसित की गयी है कि आपदा के कारण जन सामान्य को कठिनाई न हो और यथाशीघ्र राहत उपलब्ध हो सके।

लक्ष्य 11.6: वर्ष 2030 तक नगरों के प्रति व्यक्ति पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को घटाना जिसमें वायु की गुणवत्ता और नगरपालिका तथा अन्य अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना शामिल है।

उपलब्धि एवं रणनीतिः

- वर्ष 2014 में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा यह संकल्प लिया गया था कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर हम खुले में शौच से मुक्ति के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे और उपरोक्त संकल्पना के अनुरूप राज्य के समस्त शहरों में उक्त लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है।
- पर्याप्त संख्या में सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण भी कराया गया है तथा महिलाओं हेतु पिंक शौचालय विशेष रूप से निर्मित कराये गये।
- नगरीय क्षेत्रों में लगभग 15500 टन प्रतिदिन जनित ठोस अपशिष्ट लगभग 55%–60% अपशिष्ट का प्रसंस्करण एवं पुनर्चक्रण निकायों द्वारा कराया जा रहा है और इस कार्य को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किये जाने हेतु राज्य स्तर से वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नीति निर्गत की गयी। वर्तमान में 12007 वार्डों में से लगभग 11675 वार्डो मे डोर–टू–डोर कलेक्शन किया जा रहा है। उपरोक्त को शत प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने हेतु निकाय स्तर पर प्रयास किया जा रहा है।
- प्रदेश के 15 ऐसे शहर जहां की वायु प्रदूषण क्रिटिकल है उन्हें चिन्हित करते हुए पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ समन्वय कर वायु प्रदूषण को कम करने के लिये विशेष परियोजना बनायी गयी, जिसमें समयबद्ध रूप से एक्शन प्लान को लागू किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।
- वर्ष 2018 में अधिसूचना निर्गत करते हुए प्लास्टिक/पॉलिथीन से निर्मित सिंगल यूज डिस्पोजेबल सामग्री को पूर्णतया प्रतिबन्धित किया गया है और अब तक कुल लगभग 645.55 टन प्रतिबन्धित पॉलिथीन सामग्री जब्त की गयी है और दोषियों पर 7.24 करोड़ का जुर्माना किया गया है।

लक्ष्य 11.7: वर्ष 2030 तक खासकर महिलाओं, बच्चों, वृद्धों और अशक्तों के लिये सुरक्षित, समावेशी और सुगत, हरित तथा सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराना।

उपलब्धि एवं रणनीतिः

- उत्तर प्रदेश ओपन स्पेस एंड प्लेग्राउंड पॉलिसी 1975 के अनुसार राज्य सरकार शहरी इलाकों में खुले स्थानों और हरित क्षेत्र को भवन उपविधि के प्रावधानों को लागू करके बढ़ा रही है।

- प्रदेश के 60 अमृत शहरों में अबतक 432 पार्कों की परियोजनाओं की कार्ययोजना स्वीकृत की जा चुकी है।
- पार्क की सुविधा के साथ–साथ विशेष वृक्षारोपण कर शहरों की हरितिमा को बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष कुल 30 लाख वृक्षों के रोपण और किये जाने की परियोजना पर कार्य किया गया।
- आगामी वर्षो में यह लक्ष्य होगा कि सतत् रूप से शहरी क्षेत्रों में एक व्यक्ति–एक वृक्ष प्रतिवर्ष लगाया जाये।

11 कः वर्ष 2030 तक, शहरी, अर्ध–शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बीच सकारात्मक आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय सम्बन्धों को सुदृढ़ करने के लिए क्षेत्रीय विकास योजना का सशक्तीकरण करना।

- नगर विकास विभाग द्वारा लक्ष्य के अनुरूप अन्तर्विभागीय समन्वय करते हुए यथाव" यक परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयास किया जा रहा है और स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं का समग्रता से भलीभांति क्रियान्वयन हेतु जिला योजना समिति का गठन किया गया है।

11.खः वर्ष 2020 तक नगरों तथा मानव बस्तियों की संख्या में वृद्धि के लिये एकीकृत और अनुकूलन हेतु योजनाओं का अंगीकरण और कार्यान्वयन जो सभी स्तरों पर आगामी समग्र आपदा जोखिम प्रबंधन के अनुरूप हो।

11.गः स्थानीय सामग्रियों का उपयोग कर संधारणीय और मजबूत भवनों के निर्माण में, सबसे कम विकसित देशों को समर्थन जिनमें वित्तीय तथा तकनोकी सहायता शामिल है।

माइलस्टोनः

क्र.स.	सतत् विकास वैश्विक लक्ष्य	राष्ट्रीय स्तर पर चयनित संकेतांक	वर्ष 2030 तक प्राप्ति हेतु राष्ट्रीय लक्ष्य	राज्य स्तर पर उक्त की वर्तमान स्थिति एवं लक्ष्य की प्राप्ति एवं निर्धारण
11.1	वर्ष 2030 तक सबके लिये पर्याप्त, सुरक्षित तथा सस्ते मकान और बुनियादी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा झुग्गी बस्तियों का विकास।	1. प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत मांग के अनुरूप निर्मित किए गए आवासों का प्रतिशत	100 प्रतिशत	वर्तमान में 14.2 लाख के सापेक्ष लगभग 13.43 लाख आवास स्वीकृत किए जा चुके है जिसके सापेक्ष 2.54 लाख आवास (18%) निर्मित किए जा चुके है। वर्ष 2022 तक उपरोक्त की शत–प्रतिशत प्राप्ति लक्षित है।
		2. झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले शहरी परिवारों का प्रतिशत	0 प्रतिशत	वर्तमान में प्रदेश में 3.12 प्रतिशत परिवार नगरीय क्षेत्र में झुग्गी–झोपड़ी में है, वर्ष 2024 तक इनमें 50 प्रतिशत की कमी लक्षित है और वर्ष 2030 तक उपरोक्त को राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त किया जाना लक्षित है।
11.6	वर्ष 2030 तक नगरों में प्रति व्यक्ति पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को घटाना विशेषकर वायु की गुणवत्ता सुधारना और नगरीय ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन।	3. वार्डों का प्रतिशत जिनमें 100 प्रतिशत डोर–टू–डोर अपशिष्ट का संग्रहण हो रहा है।	100 प्रतिशत	वर्तमान में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में कुल 12007 वार्डों में से 11675 वार्डों में (97 प्रतिशत) में डोर–टू–डोर संग्रहण किया जा रहा है। वर्ष 2020 तक उपरोक्त लक्ष्य को शत–प्रतिशत प्राप्त किया जाना लक्षित है।
		4. अपशिष्ट के निस्तारण का प्रतिशत	100 प्रतिशत	वर्तमान में नगरीय क्षेत्र में कुल 15500 टन प्रतिदिन जनित ठोस अपशिष्ट में से लगभग 55 प्रतिशत अपशिष्ट का प्रसंस्करण एवं पुनर्चक्रण निकायों द्वारा कराया जा रहा है। वर्ष 2022 तक शत–प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाएगी।

सतत विकास लक्ष्यः 12 संवहनीय उपभोग और उत्पादन

विजन

राज्य एक ऐसे समाज की परिकल्पना करता है जो स्थायी उपभोग और उत्पादन की ओर उन्मुख हो और पर्यावरण की चुनौतियों को आर्थिक अवसरों में बदलने की क्षमताओं की बढ़ोत्तरी करे तथा वस्तुओं और सेवाओं के उपभोक्ताओं और उत्पादकों के लिए एक बेहतर अवसर प्रदान करे। विनियामक ढांचे, उपभोक्ता जागरूकता, स्वच्छ एवं हरित उत्पादन प्रणालियों को प्रोत्साहित करने के माध्यम से राज्य में धारणीय जीवन भौली एवं विकास के मुख्य मूल्यों के रूप में सतत उत्पादन और उपभोग पर बल दिया जाएगा।

''पृथ्वी हर व्यक्ति की आवश्कताओं की पूर्ति करने हेतु पर्याप्त है परन्तु लालच की पूर्ति हतु नहीं''—महात्मा गांधी

"भगवान बुद्ध के जीवन में पर्यावरण उपभोक्तावाद का महत्व प्रदर्शित करता संवाद"

शिष्यः हे प्रभु! मेरे वस्त्र पुराने और जीर्ण हैं, क्या मुझे नये वस्त्र मिल सकते हैं?
भगवान बुद्धः ठीक है, किन्तु पुराने वस्त्र का क्या हुआ ?
शिष्यः उसका प्रयोग मैं बिस्तर की चादर के रूप में कर रहा हूँ।
भगवान बुद्धः किन्तु पुरानी चादर का क्या हुआ ?
शिष्यः उसका प्रयोग मैं अपनी खिड़की के पर्दे के रूप में कर रहा हूँ।
भगवान बुद्धः परन्तु पुराने पर्दे का क्या हुआ ?
शिष्यः उसका प्रयोग मैं बर्तन पोछने के लिए कर रहा हूँ।
भगवान बुद्धः परन्तु बर्तन पोछने के पुराने कपड़े का क्या हुआ ?
शिष्यः उसका प्रयोग मैं फर्श साफ करने के लिए कर रहा हूँ।
भगवान बुद्धः परन्तु फर्श साफ करने के पुराने कपड़े का क्या हुआ ?
शिष्यः मैं उसका प्रयोग दीपक की बाती के लिए कर रहा हूँ।
भगवान बुद्धः बाती जलने के उपरांत राख का क्या करते हो?
शिष्यः मैं राख का प्रयोग बर्तन साफ करने के लिए कर रहा हूँ।

शिष्य में पर्यावरण उपभोक्तावाद की चेतना देखकर भगवान बुद्ध सन्तुष्टि भाव से मुस्कराये

और कहा कि अब तुम एक नये वस्त्र के हकदार हो।

संवाद से सीखः

दृष्टिकोण

सतत खपत और उत्पादन का लक्ष्य बहुआयामी है और इसमें अन्य सतत विकास लक्ष्यों के पहलुओं के समन्वय और अभिसरण की आवश्यकता है। गोल 12 के लक्ष्य प्राकृतिक संसाधनों के स्थायी प्रबंधन और कंपनियों को दीर्घकालिक प्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करके कचरे के उत्पादन में भारी कमीं को इंगित करते हैं। इस गोल का मूल उद्दे" य संसाधनों के उपयोग और प्रकृति के साथ सद्भाव को अपनाने वाली जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

लक्ष्य 12.1 : संधारणीय उपभोग तथा उत्पादन संबंधी कार्यकम के 10 वर्षीय फ्रेमवर्क का कार्यान्वयन जिसके लिए सभी देश कार्यवाही करें तथा विकासशील देश इसका नेतृत्व करें जिसके लिए विकासशील देशों के विकास और क्षमताओं को ध्यान में रखा जाए।

उपलब्धि

- **प्लास्टिक कैरीबैग, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं थर्मोकोल** उत्पाद अधिसूचना दिनांक 15 जुलाई 2018 द्वारा **प्रतिबंधित।**
- **'एक जनपद–एक उत्पाद'** योजनान्तर्गत लाइफ साइकिल प्रोडक्ट्स को प्रोत्साहन।
- **'इनर्जी कंजर्वेशन बिल्डिंग कोड'** दिनांक 26.07.2018 को अंगीकृत।
- संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन द्वारा **173 क्लीन डेवलपमेन्ट प्रोजेक्ट्स एवं 10 वानिकी क्लीन डेवलपमेन्ट प्रोजेक्ट्स अनुमोदित** किये गये।
- उद्योगों में **ऊर्जा दक्षता हेतु** परफार्म एचीव एण्ड ट्रेड योजना से कुल **47 उद्योग आच्छादित।**
- प्लास्टिक वेस्ट के प्रबन्धन हेतु ब्राण्ड ओनर्स की जिम्मेदारी विषयक लखनऊ में **राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला माह जून, 2019 में** आयोजित।

रणनीति

- **ग्रीन प्रोडक्टिविटी** : पर्यावरणीय सिद्धान्तों के अनुरूप सतत उत्पादन तथा उसका नियमित आडिट।
- उद्योगों में **ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का प्रमाणीकरण** सुनिश्चित किया जाना।
- व्यवसायिक भवनों, होटलों आदि में **एनर्जी कन्जर्वेशन बिल्डिंग कोड** लागू किया जाना।
- **वैकल्पिक ऊर्जा** के प्रयोग को **15 प्रतिशत** अनुपात तक बढ़ाया जाना।
- **ग्रीन हाउस गैस** के उत्सर्जन **में कमी** तथा **कार्बन आफसेटिंग** किया जाना।

- उपभोक्ता द्वारा **अपृथकीकृत अपशिष्ट** के प्रबन्धन के भार के वहन हेतु **उपविधियों में संशोधन।**
- **इको लेबल प्रोड्क्ट्स** तथा **जीरो कार्बन फुटप्रिन्ट** उत्पादों को प्रोत्साहन।
- **सिंगल यूज उत्पाद** यथा–प्लास्टिक, थर्मोकॉल के विकल्प **को प्रोत्साहन।**
- **ऑनलाईन मार्केट प्लेटफार्म** द्वारा पुराने वस्तुओं के पुनर्प्रयोग को बढ़ावा।
- **''इनवारमेन्टली रिस्पांसिबल कन्ज्यूमर''** हेतु प्रचार–प्रसार एवं मोबाइल ऐप।
- **ग्रीन स्कील्ड मानव संसाधन** हेतु प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित कर प्रोत्साहित किया जाना।
- **सर्कुलर इकोनॉमी सिद्धांत** पर उत्पादन हेतु अपशिष्ट का उपयोग करने वाली इकाईयों को प्रोत्साहन हेतु नीति निर्धारण एवं कार्यवाही किया जाना।
- उत्पादों के पूर्ण जीवन चक्र में प्रयोग के आधार पर उत्पादों का मानकीकरण एवं उनके पुनर्उपयोग को बढ़ाने हेतु **बाय–बैक तंत्र** को प्रोत्साहन।
- उत्पादों में पैकेजिंग लेयर्स को कम करना तथा **पैकेजिंग के पुर्नपयोग** हेतु पैकेजिंग मैटेरियल की डिजाइन में सुधार एवं पुनर्उपयोग के तरीकों को प्रोडक्ट के लेबल पर प्रदर्शित करना।

लक्ष्य 12.2: वर्ष 2030 तक प्राकृतिक संसाधनों का संघारणीय प्रबन्धन तथा प्रभावी उपयोग हासिल करना।

उपलब्धिः

- **भूजल अधिनियम–2019** विज्ञापित, **जल शक्ति अभियान** तथा **राज्य भूजल संरक्षण मिशन** लागू, जिसके अंतर्गत तालाबों का जीर्णोद्धार, नये तालाबों का निर्माण, मानसून/बाढ़ की अवधि में रिचार्ज में वृद्धि हेतु पिट का निर्माण, चैकडैम का निर्माण, ऑनफॉर्म रेनवाटर हार्वेस्टिंग, पर्कुलेशन पॉण्ड, कन्टूर बन्ड/ट्रेंच का निर्माण, डगबैल का निर्माण आदि।
- प्रदेश में वृक्षावरण/वनावरण का वर्तमान स्तर 9.18% को बढ़ाने हेतु वन, राजकीय, ग्राम सभा, कृषि एवं सार्वजनिक भूमियों पर वृक्षारोपण (वर्ष 2017–18 में 5.71 करोड़, वर्ष 2018–19 में 11.77 करोड़, वर्ष **2019–20 में 22.59 करोड़**), वर्ष **2020–21 में 25 करोड़** पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित।
- उ0प्र0 सरकार द्वारा **सोलर एनर्जी पालिसी–2017** के अनुसार सौर ऊर्जा प्रोग्राम के अंतर्गत सोलर पार्क, ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट, ऑफ ग्रिड सोलर प्लांट्स एवं रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट्स की स्थापना हेतु अनुदान/प्रोत्साहन तथा सोलर रूफटॉप ट्रांजेक्शन पोर्टल की स्थापना।
- वैकल्पिक ऊर्जा का **2952.76 मेगावॉट** उत्पादन (क्षमता का **11.21%**)।
- खनन नीति–2017 प्रख्यापित तथा **''सतत् खनन मार्गदर्शिका''** के सिद्धान्तों के आधार पर खनन एवं अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही।

- मृदा संसाधन के विकल्प के रूप में **फ्लाई–ऐश** के प्रयोग को बढ़ावा (उत्पादन **57 प्रति"ात** का उपयोग)।

रणनीति

- **सर्कुलर इकोनामी** : एक उद्योगों के अपशिश्ट को दूसरे उद्योगों के संसाधन हेतु प्रयुक्त किया जाना।
- भूमि संसाधन संरक्षण हेतु **वर्टिकल विकास** के सिद्धांत पर एफ0ए0आर0 का निर्धारण किया जाना।
- **ऊर्जा के वैकल्पिक श्रोतों** जैसे–सौर ऊर्जा/पवन ऊर्जा इत्यादि के उपयोग **का बढ़ावा देना।**
- संसाधनों के उपभोग को कम किये जाने हेतु औद्योगिक प्रक्रिया में **तकनीकी सुधार** किया जाना।
- **भू–जल की रिचार्जिंग** हेतु आवश्यक संरचनाओं का विकास किया जाना।
- **अपशिष्ट रिसाइक्लिंग प्लांटों** की संख्या में वृद्धि किया जाना।
- नदियों में पर्यावरणीय बहाव को सुनिश्चित किये जाने हेतु **जल ग्रहण क्षेत्र एवं उनके समीपस्थ आर्दभूमियों का संरक्षण**।

लक्ष्य 12.3: वर्ष 2030 तक खुदरा तथा उपभोक्ता स्तरों पर प्रति व्यक्ति वैश्विक खाद्य अपशिष्ट को आधा करना, उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के दौरान आहार को होने वाले नुकसान को कम करना जिसमें फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान भी शामिल है।

उपलब्धि

- फसलों तथा खाद्य पदार्थों की सुरक्षा हेतु **'राष्ट्रीय कृषि विकास योजना'** तथा **'प्रादेशिक किसान सेवा योजना'** लागू।
- खाद्यान की सुरक्षा हेतु **'पेस्ट सर्विलेंस एंड एडवाइजरी यूनिट'** गठित।
- **'सर्विलेंस ऑफ को–कप एंड डायग्नोस्टिक सिस्टम** (पी0सी0एस0आर0सी0)' योजना लागू।
- प्रत्येक ब्लॉक के न्यूनतम 5 राजस्व गॉवों न्यूनतम 50 हेक्टयर क्षेत्रफल में **बीज एवं मृदा उपचार की योजना लागू।**
- खाद्य पदार्थों के उत्पादन एवं सुरक्षा हेतु **इंट्रीग्रेटेड मिशन फॉर डेवलपमेंट ऑफ हार्टीक्लचर, स्टेबेलिसमेंट ऑफ ड्रिप/स्प्रिंकर ऐरीग्रेशन सिस्टम, फूड प्रोसेसिंग डेवलपमेंट** स्कीम लागू।
- 'उ0प्र0 पोटैटो विकास पॉलिसी 2014' को समुचित एवं प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

- 'उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पॉलिसी 2012' को और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

रणनीति

- **प्राकृतिक संसाधनों की मैपिंग,** निगरानी एवं खाद्य हानि पर प्रभावी नियंत्रण।
- पर्याप्त **भण्डारण सुविधाएं** तथा **आपूर्ति श्रृंखला का विकास** किया जाना।
- **फूड बैंक** तथा **खाद्य आपूर्ति नेटवर्क एवं प्लेटफार्म** का विकास किया जाना।
- कटाई के उपरांत **फसलों** की उचित दरों पर प्रॉसेसिंग हेतु **एकीकृत तंत्र** का विकास।
- खाद्य पदार्थों के कम दरों पर उपभोग हेतु **आपूर्ति श्रृंखला** का विकास।

लक्ष्य 12.4 : वर्ष 2030 तक, रसायनों तथा सभी अपशिष्टों का उनके पूरे जीवनचक्र के दौरान पर्यावरणीय रूप से ठोस प्रबंधन हासिल करना जो सहमति वाले अंतरराष्ट्रीय फ्रेमवर्क के अनुरूप हो तथा हवा, पानी और मिट्टी में उनके मिलने की संभावना को कम करना ताकि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर उसके दुष्प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके।

उपलब्धिः

- पर्यावरण संरक्षण अनुश्रवण हेतु **त्रिस्तरीय अनुश्रवण तंत्र** एवं पेपरलेस रिपोर्टिंग हेतु वेब पोर्टल विकसित (**जिला पर्यावरण समिति** एवं **राज्य स्तर पर 04 अनुश्रवण समितियां** गठित)।
- उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय में **प्रदूषण नियंत्रण कंट्रोल रूम** स्थापित।
- परिसंकटमय, जैव चिकित्सा, ई–वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण हेतु **समुचित क्षमता की संयुक्त निस्तारण व्यवस्थाएं संचालित**। प्लास्टिक एवं थर्मोकोल अपशिश्ट के नियंत्रण हेतु **कैरी बैग एवं प्लास्टिक/थर्मोकोल निर्मित कटलरी उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू**।

रणनीतिः

- प्रदेश के **22 जनपदों मे क्षेत्रीय कंट्रोल रूम की स्थापना** प्रस्तावित है।
- **सर्कुलर इकोनॉमी सिद्धांत** पर उत्पादन हेतु अपर्" ाश्ट का उपयोग करने वाली इकाईयों को प्रोत्साहन हेतु नीति निर्धारण एवं कार्यवाही किया जाना।
- **ग्रीन प्रोक्योरमेंट तथा इको लेबल प्रोड्क्ट्स** का प्रोत्साहन।
- **ग्रीन प्रोडक्टिविटी** : पर्यावरणीय सिद्धान्तों के अनुरूप सतत उत्पादन।
- उद्योगों में **ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का प्रमाणीकरण** सुनिश्चित किया जाना।
- व्यवसायिक भवनों, होटलों आदि में **एनर्जी कन्जर्वेशन बिल्डिंग कोड** लागू किया जाना।

- **ब्राण्ड ओनर्स की जिम्मेदारी** के अंतर्गत प्लास्टिक एवं ई–वेस्ट एकत्रण व्यवस्था में विस्तार तथा सिंगल यूज उत्पाद के उपयोग को हतोत्साहित करना।
- प्रदूषणकारी ईंधन हेतु चरणबद्ध तरह से **सब्सिडी समाप्त** किया जाना।
- **जन परिवहन व्यवस्था** को अधिकाधिक सुदृढ़ीकरण करना।
- **ई–मोबिलिटी एवं वैकल्पिक ऊर्जा** हेतु सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाना।
- **वायु गुणता अनुश्रवण तन्त्र** का विकास किया जाना।
- भोधित जल के प्रयोग हेतु **'ड्यूल प्लम्बिंग'** करने पर जल कर में रियायत प्रदान किया जाना।

लक्ष्य 12.5: वर्ष 2030 तक, अपशिष्ट सृजन की रोकथाम, कमी, पुनर्चक्रण तथा पुनः उपयोग द्वारा कमी लाना।

उपलब्धिः

- परिसंकटमय, जैव चिकित्सा, ई–वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के लिए **समुचित क्षमता की संयुक्त निस्तारण व्यवस्थाएं संचालित**।
- **कैरी बैग एवं प्लास्टिक/थर्मोकोल निर्मित कटलरी उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध** लागू।

रणनीतिः

- **7–आर के सिद्धान्त** अर्थात रिफ्यूज, रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल, रिडिजाइन, रिफरबिश एवं रिकवरी द्वारा संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाना।
- अपशिष्ट के पुनः प्रयोग हेतु **स्टार्टअप इकाईयों को प्रोत्साहित** किया जाना।
- ठोस अपशिष्ट का शत–प्रतिशत **डोर–टू–डोर एकत्रण** तथा बल्क प्रोड्यूसर द्वारा परिसर में कम्पोस्टिंग कर वेस्ट की मात्रा में लगभग **70 प्रतिशत** तक कमी।
- प्लास्टिक अपशिष्ट के निस्तारण हेतु **जनपद मथुरा में वेस्ट टू ऑयल प्लांट** निर्माणाधीन एवं **जनपद लखनऊ, वाराणसी, उरई में प्रस्तावित**।
- **कन्स्ट्रक्शन एवं डिमॉलिशन अपशिष्ट के निस्तारण हेतु** जनपद गाजियाबाद, नोएडा, लखनऊ, कानपुर, आगरा एवं वाराणसी में **प्रोसेसिंग प्लांट प्रस्तावित।**
- परिसंकटमय एवं ई–वेस्ट हेतु **जनपद अमरोहा में संयुक्त निस्तारण सुविधा** प्रस्तावित।
- **कम्पोस्टिबल प्लास्टिक कैरी बैग** की आपूर्ति में वृद्धि किया जाना।

लक्ष्य 12.6: वर्ष 2030 तक कम्पनियों और खासकर बड़ी और पराराष्ट्रीय कम्पनियों के संधारणीय व्यवहार को अंगीकृत करने तथा संधारणीय सूचना को उनके रिपोर्टिंग साइकिल में शामिल करने के लिए प्रोत्साहन करना।

उपलब्धि:

- प्रदूषणकारी बृहद उद्योगों में ऑनलाईन कन्टीन्यूअस एफ्ल्यूएंट एण्ड इमीशन मॉनिटरिंग सिस्टम के अनुश्रवण हेतु **राज्य स्तर पर कन्ट्रोल सेन्टर स्थापित** एवं संचालित है।
- प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय उद्योग सहित बृहद श्रेणी के **उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्थायें स्थापित** हैं।
- औद्योगिक प्रक्रिया में भूजल के प्रयोग को न्यून किये जाने के उद्देश्य से औद्योगिक प्रतिष्ठानों में **शुद्धीकृत उत्प्रवाह का पुनः प्रयोग** एवं **भूजल की रिचार्जिंग** करायी जा रही है।
- राज्य की **173 परियोजनायें** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन के स्तर से स्वीकृत हैं तथा **3,69,06,971 सर्टिफाइड इमीशन रिडक्शन** प्राप्त किये गये हैं।
- ब्यूरो ऑफ इनर्जी इफीसिएंशी की **पैट परियोजना के अंतर्गत 47 उद्योग** आच्छादित हैं।

रणनीति:

- **जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट मानकीकरण** की इकाईयों के उत्पादों के क्रय में वरीयता देना।
- भूमि संसाधनों के संरक्षण के लिए **वर्टिकल विकास हेतु एफ0ए0आर0** का निर्धारण किया जाना।
- **हरित उत्पादकता के सिद्धान्त** पर उत्पादन प्रक्रिया में ऊर्जा एवं संसाधन दक्षता को बढ़ावा देना।
- उत्पाद के **लाइफ साईकिल को बढ़ाकर** उसके उपयोगिता सूचकांक में वृद्धि।
- उद्योगों का नियमित **ग्रीन ऑडिटिंग** किया जाना।
- **ब्राण्ड ओनर्स की जिम्मेदारी** के अंतर्गत प्लास्टिक एवं ई–वेस्ट एकत्रण व्यवस्था में विस्तार तथा सिंगल यूज उत्पाद के उपयोग को हतोत्साहित करना।

लक्ष्य 12.7 : सार्वजनिक खरीदारी व्यवहारों को बढ़ावा देना जो संधारणीय और राष्ट्रीय नीतियों तथा प्राथमिकताओं के अनुरूप हो।

उपलब्धि:

- संवहनीय उपभोग और उत्पादकता को बढ़ावा हेतु संसाधनों एवं ऊर्जा के कुशल प्रयोग वाले उद्योगों को **ग्रीन प्रोक्योरमेंट के तहत प्रोत्साहन** पर विचार किया जा रहा है।
- **''एक जनपद एक उत्पाद योजना''** के अंतर्गत पर्यावरण एवं स्थानीय परम्परागत अनुकूल उत्पादों की आपूर्ति एवं विक्रय हेतु प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

- पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु **''पर्यावरण प्रहरी'' कार्यक्रम** प्रारम्भ किया गया है।
- प्रदेश में **उत्पाद से लेकर अन्तिम उपभोक्ता की आपूर्ति श्रंखला** में सामंजस्य एवं सहयोग हेतु जागरूकता तथा संवहनीय खपत और जीवन भौली से उपभोक्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।
- प्रदेश में उपभोक्ताओं को मानकों एवं लेबलिंग के माध्यम से उपयुक्त **सूचना एवं संवहनीय सार्वजनिक खरीद प्रणाली** से जोड़ा जा रहा है।

रणनीतिः

- **ग्रीन प्रोक्योरमेन्ट उत्पादन** को वरीयता दिया जाना।
- **आनलाइन प्लेटफार्म** विकसित कर पुराने वस्तुओं का पुनर्प्रयोग को बढ़ावा दिया जाना।
- उत्पादों तथा सेवाओं के क्रय के स्थान पर उन्हें **किराये अथवा लीज पर प्रयोग** किये जाने को बढ़ावा दिये जाने के उद्दे" य से **प्लेटफार्म का विकास** किया जाना।
- **रिफरबिश उत्पादों की स्वीकार्यता** उपभोक्ताओं के मध्य बढ़ाया जाना।

लक्ष्य 12.8: वर्ष 2030 तक यह सुनिश्चित करना कि सभी जगहों पर लोगों के लिए ऐसे संधारणीय विकास और जीवनशैली संबंधी संगत सूचना और जागरूकता बनी रहे जो प्रकृति के अनुरूप हो।

उपलब्धि एवं रणनीतिः

- पर्यावरण उपभोक्तावाद (**इको कन्ज्यूमरीजम**) तथा **''ग्रीन गुड डीड्स''** हेतु प्रचार–प्रसार।
- **ग्रीन पब्लिक प्रोक्योरमेन्ट** को मजबूत बनाया जाना।
- कार्बन डाई आक्साइड गैस के उत्सर्जन को कम करने हेतु **हाइड्रोइलेक्ट्रिक, सोलर एवं विन्ड पावर प्लांट** की स्थापना पर छूट।
- रिहाय" ी भवनों एवं सार्वजनिक रेस्टोरेन्ट/होटल में **न्यून खाद्य वेस्ट जनित करने हेतु प्रोत्साहन** तथा जनित **अवशेष खाद्य पदार्थों का सदुपयोग।**
- जीवन शैली एवं विभिन्न गतिविधियों में **ऊर्जा दक्षता तथा कार्बन फुटप्रिन्ट** के संबंध में जागरूकता हेतु **पोर्टल/मोबाइल एप** विकसित किया जाना।
- जल अपव्यय रोकने हेतु फसलों की सिचाई में **स्पिकंलर सिचाई की स्थापना** का प्रचार प्रसार।
- **जैविक खाद/कम्पोस्ट खाद** का अधिकाधिक इस्तेमाल एवं प" ुपालन को बढावा देना।
- सरकार द्वारा नागरिकों तक **पर्यावरण मित्र वस्तुऐं, सेवायें सुगमता से उपलब्ध** कराया जाना।

- भूगर्भ जल, वायु, वन, नदियॉ व अन्य आव" यक **संसाधनों को सरंक्षित करना।**

लक्ष्य 12.क : विकासशील देशों को सहायता प्रदान करना ताकि वे अधिक संधारणीय उपभोग और उत्पादन पद्धतियों को अपनाने के लिए अपनी वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय क्षमता को सुदृढ़ कर सकें।

उपलब्धि:

- आई0आई0टी0 कानपुर के सहयोग से **वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु एक्शन प्लान** का निरूपण एवं उच्चीकरण, **वायु प्रदूषण की सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी** हेतु अनुबन्ध तथा **ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण/मानिटरिंग हेतु मानिटरिंग विशिष्टियाँ** विकसित।
- जल प्रदूषण नियंत्रण हेतु नेशनल इनवायरमेंटल इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट, नागपुर से **तकनीकी सहयोग।**
- दिल्ली विश्वविद्यालय के तकनीकी मार्गदर्शन से नदियों की अविरलता हेतु **बायोडायवर्सिटी पार्क** योजनाओं का निरूपण।
- केंद्रीय लैदर रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं नीदरलैण्ड राष्ट्र की सॉलिडरिडेड संस्था से तकनीकी सहयोग से **टैनरी सेक्टर में प्रदूषण भार में कमी के उद्देश्य से टेक्नालॉजी अपग्रेडेशन।**
- आई0आई0टी0 चेन्नई व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी सहयोग से खानचंदपुर, कानपुर देहात में **परिसंकटमय अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण हेतु परियोजना का निरूपणएवं क्रियान्वयन।**

रणनीति:

- सतत् विकास हेतु टेक्नालॉजी गैप को न्यून किये जाने हेतु राज्य स्तर पर **"ट्रांसफर ऑफ टेक्नालॉजी मैकेनिज़्म" का विकास।**
- वैश्विक स्तर की सतत् विकास **बेस्ट प्रैक्टिसेस** की हितधारकों तक पहुँच हेतु **प्लेटफार्म का विकास।**
- प्रतिश्ठित संस्थानों में सतत् विकास से संबंधित **वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षमता विकास** हेतु परियोजनाओं का निरूपण।

लक्ष्य 12.ख : संधारणीय पर्यटन के लिए संधारणीय विकास प्रभावों के अनुवीक्षण संबंधी टूल का विकास तथा कार्यान्वयन करना जिससे रोजगार के अवसर सृजित हों तथा स्थानीय संस्कृति और उत्पादों को बढ़ावा मिल।

उपलब्धि:

- **स्वच्छ और दिव्य महाकुम्भ–2019** एवं कुम्भ में **अपशिष्ट का समुचित प्रबन्धन।**
- कैरिंग कैपेसिटी के अनुसार दुधवा एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटकों एवं वाहनों की संख्या का नियंत्रण। कुल क्षेत्रफल के **20 प्रतिशत क्षेत्र में ईको टूरिज्म अनुमन्य।**

- **वन क्षेत्रों में अपशिष्टजनक उत्पादों** के प्रयोग एवं निस्तारण पर **प्रतिबन्ध**।
- ईको पर्यटन प्रोत्साहन प्राविधानों के साथ **राज्य वन नीति–2017** एवं **उ0प्र0 पर्यटन नीति–2018** प्रख्यापित।
- उ0प्र0 में **09 ईको टूरिज्म सर्किट** विकसित एवं संगतसेवाओं में स्थानीय समुदाय की भागीदारी।
- **पर्यटन नीति में थीम बेस्ड टूरिज्म** यथा हेरिटेज, कल्चरल, एग्री, क्राफ्ट हैण्डलूम एवं टैक्सटाईल, एडवेन्चर, कारवां, वेलनेस, ग्रामीण टूरिज्म आदि का प्राविधान।
- पर्यटन नीति में समुदाय के विकास एवं स्थानीय कौशल आधारित **सतत् टूरिज्म हेतु प्राविधान**।
- **ऑनलाईन पोर्टल** द्वारा **गंगा एवं उसकी सहायक नदियों** की जलगुणता तथा प्रदूषण के श्रोतों के **सतत् अनुश्रवण** कर नदियों की अविरलता एवं निर्मलता सुनिश्चित की गई।

रणनीति

- पर्यावरणीय प्रभाव के दृष्टिगत **कैरिंग कैपेसिटी का आंकलन** तथा उसके अनुरूप पर्यटकों की संख्या, वाहनों इत्यादि का नियंत्रण एवं **ईको फ्रेन्डली गतिविधियों** को प्रोत्साहन।
- पर्यावरण प्रभाव को न्यून किये जाने हेतु **सतत् पर्यटन योजना का निरूपण** एवं क्रियान्वयन।
- **इनवायरमेन्टल अनुकूलता** के आधार पर **ब्रान्डिंग** का प्रोत्साहन।
- स्थानीय हस्तशिल्प, रीति–रिवाज, संस्कृति, स्थानीय खान–पान इत्यादि से परिचित कराये जाने हेतु **पर्यटन पैकेजों का विकास** किया जाना।
- धार्मिक पर्यटन स्थलों में **समुचित अपशिष्ट एकत्रीकरण** एवं निस्तारण।
- पर्यावरण अनुकूल **पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम की स्थापना** किया जाना।
- पर्यटक सुविधायें हेतु **स्थानीय समुदाय को रोजगार** प्रदान करना।
- **इनवायरमेन्टल रेसपोन्सिबल पर्यटक/कार्बन संवेदनशील पर्यटक** हेतु जन–जागरूकता।

लक्ष्य 12.ग: कराधान की पुनर्संरचना सहित राश्ट्रीय परिस्थितियों के अनुसार बाजार विरूपताओं को समाप्त करके प्रभावहीन जीवाष्म ईंधन राज सहायता, जो फालतू खपत को बढ़ावा देती है, को युक्तिसंगत बनाना और विकासशील देशों की विशिष्ट आवश्यकताओं तथा स्थितियों का पूरा ध्यान रखते हुए नुकसानदेह राज सहायता जहाँ मौजूद है उन्हें चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना ताकि उनका पर्यावरणिक प्रभाव दिखाई दे और उनके विकास पर पड़ने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभावों को इस प्रकार कम करना कि गरीबों और प्रभावित समुदायों के हितों की रक्षा हो सके।

उपलब्धि:

- जीवाश्म ईंधन की खपत में कमी हेतु सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाना।
- बैटरी चालित वाहनों को सब्सिडी इत्यादि देकर प्रोत्साहित करना।
- औद्योगिक इकाईयों में ऊर्जा दक्षता एवं सौर ऊर्जा के इस्तेमाल हेतु प्रोत्साहन।
- गैर पारम्परिक ऊर्जाओं के प्रयोग हेतु उपभोगताओं को छूट उपलब्ध कराया जाना।
- गन्ने से ऐथनॉल बनाये जाने की प्रक्रिया के सापेक्ष शीरे से ऐथनॉल बनाये जाने की प्रक्रिया को ऑप्टीमाइज किया जाना ताकि चीनी एवं आसवनी उद्योगों तथा सघन जल उपयोग आधारित गन्ने की खेती से भूजल श्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

रणनीति

- ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित किये जाने हेतु भवन उपविधियों में आवश्यक संशोधन।
- ग्रीन रेटिंग एवं ग्रीन ऑडिटिंग की व्यवस्था हेतु नियमावली का विरचन।
- खाद्य पदार्थों के नुकसान की रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा कानून में आवश्यक संशोधन।
- प्रदूषण नियंत्रण एवं प्रदूषण से पर्यावरण की क्षति की पूर्ति हेतु ''पॉल्यूटर पेज्''सिद्धान्त के अन्तर्गत पर्यावरणीय क्षति की वसूली हेतु कानून।
- संसाधन दक्षता नीति का निरूपण एवं उसे लागू किये जाने हेतु योजनायें।
- ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिसेस एण्ड टेक्नॉलॉजी की शेयरिंग हेतु प्लेटफॉर्म का विकास।
- संधारणीय विकास हेतु स्थानीय शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थानों को बढ़ावा।
- सतत् विकास के तकनीकी मानकीकरण हेतु राज्य में क्षमता विकास।
- टेक्नॉलॉजी ट्रान्सफर हेतु संस्थागत व्यवस्था।

माइलस्टोनः

क0 सं0	कार्य बिन्दु	राज्य की वर्तमान स्थिति	लक्ष्य		
			वर्ष 2022	वर्ष 2024	वर्ष 2030
1.	उ0प्र0 इनर्जी कंजर्वेशन बिल्डिंग कोड से आच्छादित नव–निर्मित व्यावसायिक भवनों में ग्रीन बिल्डिंग का प्रतिशत	–	50	100	100
2.	प्लास्टिक/ई–वेस्ट ई0पी0आर0 एक्शन प्लान कियान्वित करने वाले ब्राण्ड ओनर्स का प्रतिशत	–	50	70	100
3.	इनवायमेन्टल रिस्पोंसिबल कन्ज्यूमर ओरिएन्टेशन कार्यक्रमों से आच्छादित उपभोक्ताओं का प्रतिशत	–	25	40	100
4.	वैकल्पिक ऊर्जा के पोटेन्शियल यूटिलाइजेशन का प्रतिशत	11.21	25	40	100
5.	उ0प्र0 राज्य भूजल संरक्षण मिशन के अनुरूप कार्य पूर्ति किये जाने वाले विकासखण्डों की संख्या	0	271	–	–
6.	फ्लाई ऐश के उपयोग में वृद्धि का प्रतिशत	57	65	70	80
7.	उद्योगों में कच्चे माल में रिसाइकिल माल के प्रयोग का प्रतिशत	0–5	10	15	20
8.	राज्य में वनावरण का प्रतिशत	9.18	11.25	12	15

क0 सं0	कार्य बिन्दु	राज्य की वर्तमान स्थिति	लक्ष्य		
			वर्ष 2022	वर्ष 2024	वर्ष 2030
9.	परित्यक्त खदानों को बंद कर उनका औद्योगिक अपशिष्ट का पर्यावरण अनुकूल प्रयोग कर पुनरोद्धार का प्रतिशत	0	25	40	70
10.	खुदरा तथा उपभोक्ता स्तरों पर प्रति व्यक्ति वैश्विक खाद्य अपशिष्ट को आधा करना, उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के दौरान आहार को होने वाले नुकसान को कम करने का प्रतिशत	—	20	30	50
11.	ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन का प्रतिशत	26.5	60	100	100
12.	लिगेसी वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण का प्रतिशत	0	40	100	100
13.	अपशिष्ट प्लास्टिक का एकत्रण एवं निस्तारण का प्रतिशत	60	100	100	100
14.	सी0 एण्ड डी0 वेस्ट के निस्तारण की सुविधाएं का प्रतिशत	0	40	60	100
15.	सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया में ग्रीन प्रोक्योरमेण्ट उत्पादों का प्रतिशत	—	20	25	30
16.	पर्यटन क्षेत्र में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोत्तरी का प्रतिशत	—	50	100	200
17.	पर्यटन क्षेत्रों की प्रदूषण नियंत्रण कार्ययोजनाओं का निरूपण, कियान्वयन एवं पीरिओडिकल इनवायरमेन्टल ऑडिट का प्रतिशत	10	25	40	100

सतत विकास लक्ष्यः 13 जलवायु परिवर्तन

विजन

उत्तर प्रदेश सरकार नीति और नियोजन में जलवायु परिवर्तन पर कार्यवाही को मुख्यधारा में लाकर, सतत आर्थिक विकास प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार जलवायु परिवर्तन से सम्बन्धित आपदाओं और खतरों के लिए **तनयक्ता** बनाने और क्षेत्रों एवं समाज के सबसे कमजोर वर्गों पर विशेष बल देने के साथ, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने हेतु कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिये कृतसंकल्प है। राज्य सरकार का उद्दे" य संस्थागत क्षमताओं का निर्माण, जागरूकता पैदा करना और ठोस परिणामों और आउटपुट के साथ पर्यावरण के अनुकूल नीतियों को तैयार करना और कार्यान्वित करने के लिए मापने योग्य, निगरानी योग्य एवं सत्यापन योग्य संसाधन जुटाना है।

दृष्टिकोण

साइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम एवं घटित अपराधों के अनावरण हेतु प्रत्येक जनपद में क्राइम ब्रान्च के नियंत्रणाधीन **साइबर सेल का गठन कर** उसमें प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है। वर्तमान में जनपद गौतमबुद्धनगर व लखनऊ में साइबर थाना स्थापित है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट के माध्यम से समाज विरोधी गतिविधियों पर अंकुश/कार्यवाही के सम्बन्ध में **सोशल मीडिया लैब** की स्थापना की गयी है। साइबर अपराधों की गुणवत्तापरक विवेचना हेतु सी0बी0आई0 की मदद से कर्मियों के

प्रशिक्षण हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये हैं। साइबर अपराधो की विवेचनाओं के अनावरण एवं उनके प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्वक कार्यवाही हेतु इस कार्य में लगे पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से दक्ष बनाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं।

महिलाओं एवं बच्चियों को साइबर क्राइम से बचाव हेतु सीसीपीडब्लूसी (साइबर क्राइम प्रवेन्शन अगेन्सट वूमेन एण्ड चिल्ड्रेन) योजना के अन्तर्गत साइबर फोरेन्सिक लैब कम ट्रनिंग सेण्टर, कैपेसिटी बिल्डिंग आउटसोर्सिंग मैनपावर की स्थापना की गयी है, जिसके लिए रू0 470.85 लाख की स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है।

भीड द्वारा कारित हिंसा एवं हत्या किये जाने की घटनाओं की रोकथाम हेतु निर्देश

अतिरिक्त सतर्कता एवं मिथ्या अवधारणाओं के आधार पर व्यक्तियों के किसी समूह या भीड द्वारा कानून का स्वयं पालन कराये जाने के नाम पर किसी व्यक्ति के विरूद्व हिंसात्मक कार्यवाही करना विधि के अन्तर्गत पूर्णतया अक्षम्य एवं दण्डनीय अपराध है। इस प्रकार की प्रत्येक घटना एवं ऐसी किसी भी घटना को उकसाने वाली दुष्ट प्रवृत्ति को रोकना सभी कानून प्रवर्तन अभिकरणो का प्रमुख कर्तव्य है। अति–सतर्कता प्रदर्शित करने वाले व्यक्तियों/संगठनो की अवैधानिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में प्रदेश के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/प्रभारी जनपद को विस्तृत आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत किये गये है।

भीड़ द्वारा कारित हिंसा के मामले में अपराध की अति संवेदनशीलता एवं पीड़ित व्यक्ति या उसके आश्रित की विशे" ा आवश्यकता के दृ" टगत जिला विधिक सेवा अधिकरण या राज्य विधिक सेवा अधिकरण को क्षतिपूर्ति की अधिकतम सीमा की 25 प्रतिशत धनराशि तक की तात्कालिक आर्थिक सहायता दावे के सत्यापन/जांच की कार्यवाही पूर्ण होने के पूर्व ही सहायता देने की कार्यवाही पीडित या उसके आश्रित को घटना की प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज होने के 30 दिन के अन्दर कराये जाने का प्रावधान किया जा रहा है।

अगस्त 2019 तक वांछित अपराधियों के विरूद्ध की गयी कार्यवाहीः–

पुलिस और अपराधियों के बीच 4563 मुठभेड हुयी जिसमें 10022 अपराधी गिरफ्तार किये गये एवं 1547 घायल हुये तथा 94 अपराधी पुलिस की आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में मारे गये। प्रदेश में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के कारण

16583 अपराधियों द्वारा स्वयं जमानत निरस्त कराकर मा0 न्यायालय में आत्मसर्मपण किया गया है।

इसी प्रकार आम जनता के बीच पुलिस की पहुॅच स्थापित किये जाने के उद्देश्य से जून, 2017 से सितम्बर, 2019 तक प्रदेश पुलिस द्वारा **फुट पैट्रोलिंग** में लगभग 15780822 संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए 521896 को हिरासत में लिया गया तथा 287357 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

रणनीति

शांति, न्याय और सुशासन को सतत विकास ढांचे के लक्ष्यों में दृढ़ता से स्थापित किया जाना है, इसके लिए राज्य ने अपनी रणनीतियों के मार्गदर्शन के लिए तीन मुख्य स्तंभों की पहचान की हैः–

- सभी क्षेत्रों और सार्वजनिक संस्थानों में सहयोगी शासन सुनिश्चित करने के लिए नागरिकता और कानूनी साक्षरता का निर्माण, नागरिकता निर्माण हेतु तीन उद्देश्यों को साथ लिया जाएगाः–
  - कानून और व्यवस्था का अनुपालन प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकारों के सकारात्मक और न्यायसंगत दावे के रूप में अभ्यास किया जाता है।
  - नागरिकों के साथ संघ" रित कई सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान, प्रचलित प्रथाओं को संबोधित करते हैं, जैसे कि बाल विवाह, बाल श्रम और घरेलू हिंसा।
  - सकारात्मक तरीके से बहुसंख्यकों के बीच गैरकानूनी प्रथाओं के निवारण को बढ़ाना।

- प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से न्याय प्रदान करने वाले सार्वजनिक एवं विशे" ा संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही तंत्र को मजबूत करना तथा इसके निवारण के लिए ई–गवर्नेंस और सरकार के साथ सभी इंटरफेस अधिक ऑनलाइन होना भ्रष्टाचार को कम करने के लिए अन्य तकनीकी प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराये जाएंगे।

- एक प्रगतिशील तरीके से पुर्नस्थापनात्मक न्याय प्रदान करना–अपराधियों और पीडितों दोनों को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिकों के रूप में समाज में वापस लाना।

- राज्य नागरिक पंजीकरण प्रणाली को मजबूत करने को भी प्राथमिकता देगा, विशेष रूप से 18 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के जन्म पंजीकरण पर ध्यान केंद्रित करके, बैकलॉग को साफ करने के साथ–साथ सभी नवजात शिशुओं का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करना।

लक्ष्य 16.1 हर जगह हिंसा और सभी प्रकार की मृत्यु दरो मे व्यापक कमी करना

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, निम्नलिखित कदम उठाए जाएंगे–

- **दुर्घटना में मृत्यु** – मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी ताकि मौजूदा कानूनों को सख्ती से लागू किया जा सके और मामलों, रिपोर्ट और ट्रैक अनुपालन की पहचान हेतु प्रौद्योगिकी की क्षमता का दोहन किया जा सके। उक्त के अतिरिक्त अन्य रणनीतियों में बेहतर सड़क इंजीनियरिंग, सार्वजनिक अभियानों के माध्यम से जनजागरूकता, सड़क पर सभी वाहनों के लिए इनबिल्ट ऑटोमोबाइल सुरक्षा उपाय तथा सड़क उपयोगकर्ता अधिनियम पारित करना शामिल है। राजमार्गों पर दुर्घटना बहुल क्षेत्रों पर उपकरणयुक्त ट्रामा सेन्टर की स्थापना को भी प्राथमिकता देंगे। सड़क सुरक्षा को" ा के अन्तर्गत 2019–20 में रू0 35.00 करोड का प्राविधान किया गया है। दुर्धटना के कारण होने वाले मृत्युदर को रोकने के लिये यातायात नियमों के अन्तर्गत ई–चालान व्यवस्था को और अधिक प्रभावी रूप से दिनांक 07.01.2019 से लागू किया गया है। वर्तमान में 35 जनपदों में ई–चालान व्यवस्था व्यवस्था चालू कर दी गयी है, ' ो" ा जनपदों में अक्टूबर, 2019 तक ई–चालान व्यवस्था लागू कर दी जायेगी। अब तक लगभग 1218376 यातायात का उल्लघन करने वाले वाहनों का ई–चालान किया गया है और ' ामन ' ुल्क के रूप में कुल धनराशि रू0 14,67,54,223/– प्राप्त कर राजको" ा में जमा करायी जा चुकी है।
- **घरेलू हिंसा** – कानून के द्वारा पीडित के पहचान की रक्षा, ताकि पीडित व्यक्ति सम्मान के साथ एक नया जीवन शुरू कर सके, के लिये राज्य प्रयास करेगा।

पुलिस बल से इतर हेल्पलाइन और नि" पक्ष काउंसलरों को प्रशिक्षित और तैनात किया जाएगा। अगर शिकायतकर्ता दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के बाद परिवार के साथ रहने में असमर्थ है, तो वन स्टाप सेण्टर द्वारा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण सहित सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। घरेलू हिंसा के प्रति जनजागरूकता और सामुदायिक पुलिसिंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

- **भूमि विवाद**–भूमि सम्बन्धी रिकार्ड एवं टाइटिल के 100 प्रतिशत भौगोलिक सूचना प्रणाली (GISS) का उपयोग करके भूमि सम्बन्धी रिकार्ड हासिल करने के लिए और भूमि विवादों के त्वरित समाधान के लिए उपाय किए जाएंगे। डिजीटल भूमि रिकॉर्ड सार्वजनिक डोमेन में डाल दिया जाएगा और बिक्री विलेख में किसी भी बदलाव से लोगों को सूचित किया जाएगा। अवैध अतिक्रमण/कब्जे को कानून के तहत संज्ञेय अपराधा बनाया जाएगा।
- दीवानी मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने हेतु उपाय विकसित किये जाएगें। ग्राम पंचायतों और ' ाहरी स्थानीय निकायों को दीवानी मामलों के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका दी जाएगी। इस सम्बन्ध में ग्राम न्यायालयों के गठन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
- **पुलिस के कम्प्यूटरीकरण और आधुनिकीकरण** को प्राथमिकता दी जाएगी तथा पुलिस के सभी रैंकों के अधिकारियों के लिए नवीनतम कानूनों की जानकारी हेतु समय–समय पर रिफ्रेश करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम अनिवार्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। पुलिस विभाग के अधिकारियों को आधुनिक तकनीकी क्षमता से युक्त करने के लिये एम पासपोर्ट योजना के अर्न्तगत टेबलेट भी वितरित किये गये है। सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत विवेचकों को केस डायरी/विवेचनात्मक कार्यवाही को ऑनलाइन करने हेतु टेबलेट वितरित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार ई–चालान हेतु स्मार्ट फोन भी वितरित किये गये है।
- सुरक्षा वातावरण को मजबूत करने के लिए पुलिस के विशेष इकाईयों जैसे कि स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। आतंकवाद निरोधी दस्ता, स्पेशल टास्क फोर्स, स्पॉट हेतु वाहनों के लिए गत वित्तीय व" ा 2018–19 में क्रमशः 350 लाख, 320.67 लाख, 3500.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत कर दी गयी है। इसी प्रकार वर्तमान वित्तीय व" ा में एटीएस के वाहनों के लिए रू0 350.00 लाख का प्रावधान बजट व्यवस्था में किया गया है, जिसके स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

- कानूनी सुधारों के माध्यम से उपाय किए जाएंगे कि जमानत और मुकदमों के दौरान अपराधी बार–बार अपराध न करें, और अपील समयबद्ध तरीके से की जाए।
- जांच के लिए सिस्टम ऑनलाइन किए जाएंगे ताकि रियल टाइम सुपरविजन हो सके।
- स्मार्ट सिटी सर्विलांस सिस्टम (ैै) और इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (प्ज्डै) राज्य के 12 प्रमुख शहरों/कस्बों में लागू किया जाएगा।

यूपी.100

प्रतिदिन प्राप्त होने वाली लगभग 1,30,000 कॉल सेवा प्रमाणिक मूल्य के लिए दर्ज की जाती हैं। मूल्यवान समय की बचत करते हुए, कॉलर का स्थान स्वचालित रूप से स्थान–आधारित सेवाओं (एलबीएस) के माध्यम से प्रदर्शित होता है। इस प्रकार घटनाओं को केंद्रीकृत कर प्रे" ात करने हेतु 300 पुलिस अधिकारियों द्वारा सेवा दी जाती है। वे डिजिटल मानचित्रों पर निकटतम पीआरवी देखते हैं तथा घटनाओं को देखकर टैक करते हैं और संबंधित सभी पुलिस और नागरिक अधिकारियों को सूचना का प्रसार करते रहते हैं। पीआरवी को उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करने की आवश्यकता होती है, जिसे वे तब रिकॉर्ड करते हैं और डिजिटल रूप से रिपोर्ट करते हैं।

वर्तमान में, यूपी 100 पूरी तरह से एम्बुलेंस, अग्निशमन सेवाओं, जीआरपी के साथ एकीकृत है। एक कॉल के माध्यम से नागरिक को आवश्यकतानुसार एक, दो या तीन सेवाएं मिलती हैं। वुमेन पावर लाइन, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली, निर्भया ऐप, आपदा प्रबंधन प्रणाली, स्मार्ट शहरों की निगरानी प्रणाली और सीसीटीएनएस के साथ एकीकरण भी प्रगति पर है। रिस्पांस टाइम को और कम करने के लिए 1800 टू–व्हीलर्स को भी जोड़ा जा रहा है, जो पूर्व में 30 मिनट था, को वर्तमान में 13.4 मिनट के स्टेट–वाइड में लाया गया है। परियोजना सभी नागरिकों की जरूरत के अनुसार आपातकालीन सेवाओं की गारंटी देती है,।

कुछ इनोवेशन, जिन्होने यूपी.100 को गेम चेंजर बनने में सक्षम बनाया है और वे इस प्रकार हैं:–

- 1 लाख से अधिक गांवों की डिजिटल सीमाएं पुलिस थानों के लिए मैप की गई।
- बालिकाओं के विद्यालय, मूर्ति विसर्जन स्थल, बैंक, आभूषण बाजार आदि जैसे 15 लाख से अधिक चिन्हित (च्ब्) पर बेहतर गश्त और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए मानचित्रों के साथ एकीकृत किया गया।
- 5 सेकंड के भीतर 99: से अधिक कॉल अटेंड करने के लिए स्वचालित कॉल वितरण प्रणाली।
- सेवाओं में सुधार के लिए 50: से अधिक कॉल पर फीडबैक टेलीफोनिक रूप से लिया गया। पुलिस के खिलाफ शिकायतों पर भी कार्रवाई की गयी।
- रोजाना 6000 से अधिक मार्गों पर लगातार गश्त।
- कॉल का जवाब देने और फीडबैक लेने के लिए गैर–पुलिस अधिकारियों का चुनाव।
- स्थान आधारित तथा कॉलर लोकेशन सेवा की सहायता से भीड़ की मदद प्रदान करना ।
- सभी 75 जिलों में प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना करना जो कांस्टेबलों से जिला एसएसपी तक सभी स्तरों को प्रेरणा और निरंतर प्रशिक्षण देने के लिए वर्ष भर चलते हैं।
- सोशल मीडिया, रेडियो, प्रिंट और सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से निरंतर आउटरीच।
- पुलिस द्वारा समाज को सुरक्षित बनाने के लिए एनालिटिकल बिग डेटा का उपयोग ।
- पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए 5 साल के लिए सभी कॉल, डिजिटल दस्तावेजों और ट्रेल्स को रिकॉर्ड करना और संग्रहीत करना।
- पुलिस स्टेशन की जवाबदेही एक पुलिस स्टेशन मॉड्यूल सॉफ्टवेयर के माध्यम से सुनिश्चित की गई।
- एसएचओ से एडीजी तक सभी स्तरों पर मामले की निगरानी ऐप के माध्यम से पर्यवेक्षी सतर्कता सुनिश्चित की

पीडित–उन्मुख आपराधिक न्याय

उ0प्र0 रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान को" ा जैसे मौजूदा मसौदे को आगे बढ़ाकर राज्य आपराधिक न्याय प्रणाली में पीडित–उन्मुख दृष्टिकोण की दिशा में आगे बढ़ेगा। इस व्यवस्था के अन्तर्गत न्याय में सामंजस्य और पुर्नस्थापना के माध्यम से पीडित के घावों को भरने का प्रयास करेगा। पीडितों के विश्वास को बहाल करने और न्याय

के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सिस्टम पीडितों को कुछ अधिकारों को प्रदान करने के लिए, उन्हें कार्यवाही में भाग लेने के लिए सक्षम बनाने का प्रयास करेगा। पीडितों को कार्यवाही के परवाह किए बिना उचित अंतरिम राहत सहित चोटों के लिए मुआवजे की तलाश और प्राप्त करने का अधिकार होगा। पीडितों को उनके जीवन पर अपराध के प्रभाव को स्थापित करने वाले न्यायालयों को पीडित प्रभाव विवरण प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जाएगी।

राज्य में कहीं भी, किसी भी समय, सभी लोगों को सार्वजनिक सुरक्षा और सुरक्षा के लिए त्वरित, एकीकृत आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली (यूपी 100) की स्थापना की गई है। यह उत्तर प्रदेश के 2.4 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के दूरस्थ गांव और इसके 22 करोड़ नागरिकों में से प्रत्येक नागरिक को कवर करता है। **इसका वादा शहरी में औसत प्रतिक्रिया समय 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 मिनट प्रदान करना है।**

परियोजना के बुनियादी ढांचे में लखनऊ में एक केंद्रीकृत संपर्क और प्रेषण केंद्र शामिल हैं, राज्य भर में 126 विभिन्न जिलों, रेंज, जोन और मुख्यालय नोड्स से जुड़ने के लिए समर्पित लीज लाइनें, मुख्यालय और जिलों में प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास केंद्र, डेटा सेंटर और 4800 आधुनिक पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी), जो जीपीएस–सक्षम मोबाइल डेटा टर्मिनलों, रेडियो–ओवर–इंटरनेट (आरओआईपी) वायरलेस सेट, मोबाइल फोन, डैशबोर्ड कैमरा और प्राथमिक चिकित्सा में सक्षम हैं। पूरी परियोजना में 30,000 से अधिक विशेष रूप से प्रशिक्षित और संवेदनशील पुलिस कर्मचारी तैनात हैं।

लक्ष्य 16.2 बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार, उनके शोषण, अवैध तौर पर बेचने की प्रकिया तथा सभी प्रकार की हिंसा और उत्पीडन को समाप्त करना ।

- **ऑपरेशन स्माइल** और **आपरेशन मुस्कान** जैसे कार्यक्रमों का विस्तार–आईसीटी जैसे सक्षम विकल्पों का उपयोग करना।
- मौजूदा सरकारी चैनलों का उपयोग करते हुए व्यापक संवेदीकरण शिविर आयोजित करना तथा बाल दुर्व्यवहार के शिकार लोगों को खेल के माध्यम से कैरियर को बढ़ावा देने के लिए खेल आयोजनों जैसे नए प्लेटफार्मों का उपयोग किया जाएगा।
- कानूनी प्रावधानों को मजबूत और पुनर्जीवित करना ताकि बच्चों की तस्करी और संगठित बाल श्रम में शामिल अपराधियों के लिए समय पर दंडात्मक उपाय एक निवारक के रूप में कार्य करें।
- बाल पोर्नोग्राफी में शामिल व्यक्तियों की पहचान करने, उन्हें ट्रैक करने, बुक करने और उन्हें दंडित करने हेतु इंटरनेट पर सतर्कता रखने के लिए साइबर पुलिस का एक कैडर विकसित किया जाएगा।
- यूपी में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन लखनऊ और गौतमबुद्धनगर में स्थापित किए गए हैं। लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर और गोरखपुर क्षेत्र लखनऊ

साइबर अपराध पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में जबकि मेरठ, बरेली और आगरा जोन गौतमबुद्धनगर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

- पास्को अधिनियम के तहत प्रकरणों को समयबद्ध रूप से निपटाने को लिए हर जिले में विशेष अदालतें आयोजित करना।
- यूपी 100 में स्थापित सेल द्वारा बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, शोषण, तस्करी और हिंसा के किसी भी रूप में कॉल का जवाब दिया जाएगा।
- पुलिस स्टेशनों को सीसीटीवी के साथ सक्षम किया जाएगा ताकि हिरासत और बलात्कार सहित अन्य पहचान जैसे जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव शोषण को कम किया जा सके।
- किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के अन्तर्गत अब अवयस्क बच्चों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट नही दर्ज की जायेगी तथा बच्चों को थानों पर निरूद्ध नहीं किया जायेगा।

लक्ष्य 16.3 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर कानूनी नियम को बढ़ावा देना और सभी के लिए एक समान न्याय सुनिश्चित करना

- यूपी में नेपाल के साथ लगभग 600 किलोमीटर खुली अंतरराष्ट्रीय सीमा है, जिसके द्वारा हथियारों, ड्रग्स और मानव तस्करी बहुतायत से होती है। सशस्त्र सीमा बल और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर सीमा पार की अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार एक संरचित योजना विकसित करेगी।
- कानून के ‘ ाासन हेतु नागरिक के मौलिक अधिकारों के सकारात्मक पक्ष को सोशल मीडिया के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा साथ ही कानूनी प्रावधानों को सरल बनाकर आपराधिक मामलों की रिपोर्ट करने और लोगो को दुर्घटना और अपराध के पीडितों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।
- पुलिस प्रशिक्षण को आधुनिक और परि” कृत करते हुये 36 नये थाने, 13 चौकी/रिपोटिंग चौकी स्थापित किये जा रहे है, ताकि कानूनी प्रणाली तक लोगो की पहुंच आसान हो सके। इसी प्रकार यू0पी0काप में 27 जनोपयोगी सुवधिाओं, ई–एफ.आई.आर., 09 सिटीजन सर्विसेज के माध्यम से लोगो को घर बैठे अपनी शिकायतों को दर्ज कराने में सुविधा प्राप्त हो रही है।
- समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करने हेतु ग्राम पंचायतों को संशक्त बनाना और लोक अदालतों, कानूनी जागरूकता और कानूनी साक्षरता शिविरों के आयोजन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को विस्तृत भूमिका निभाने के लिए मजबूत करना।

- कानून प्रवर्तन के लिए विवेकाधीन शक्तियों को न्यूनतम और पारदर्शी बनाया जाएगा और पुलिस कर्मियो को अपने मूल कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने तथा कानून प्रवर्तन के लिए जिम्मेदार अन्य विभागों के कर्मचारियों और तकनीकी के साथ सशक्त बनाये जाने का प्रयास किया जाएगा।
- प्रदेश विधान मण्डल द्वारा माफिया और संगठित अपराध से निपटने तथा उन पर प्रभावी अंकुश के साथ साथ समाज के अन्तिम व्यक्ति की सुरक्षा के लिये उ0प्र0 संगठित अपराध नियन्त्रण विधेयक 2017 **(यूपीकोका)** पारित किया गया है, जिसे अधिनियम के रूप में ' ीघ्र ही अधिसूचित किया जायेगा।

लक्ष्य 16.4 व"ं 2030 तक अवैध वित्तीय और हथियार व्यापार में व्यापक कमो करना, चोरी की संपत्तियों की बरामदगी तथा वापसी और सभी प्रकार के संगठित अपराधों से निपटना।

- संगठित अपराधों के प्रवाह और मार्ग का पता लगाने और ऐसे मामलों में समय पर प्रतिक्रिया देने के लिए विभिन्न विभागों के साथ–साथ अन्य राज्यों के साथ नेटवर्क स्थापित करना । इंटरनेट धोखाधड़ी और अन्य साईबर अपराधों की जांच के लिए राज्य स्तर पर साइबर सेल की स्थापना ।
- अवैध वित्तीय और हथियारों के प्रवाह तथा संगठित अपराध को कम करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक मजबूत खुफिया प्रणाली स्थापित करना और संगठित अपराधों से निपटने के लिए समर्पित और अच्छी तरह से प्रशिक्षित बल तैनात करना। चोरी के सामानों की बरामदगी और उनके स्वामियों तक वितरण की प्रणाली स्थापित करने के लिए विधि व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना।
- अन्य राज्यों तथा राष्ट्रीय स्तर पर एकत्र की गई खुफिया जानकारी की क्रॉस–लिंकिंग स्थापित करना और कानून प्रवर्तन एजेंसी द्वारा उक्त पर प्रभावी व त्वरित कार्यवाही करना। इसके लिये एस.टी.एफ. एवं ए.टी.एस. का गठन किया गया है। जाली नोटों के दुर्व्यापार के रोकथाम के लिये आन लाईन पोर्टल आरम्भ किया गया है। इसी प्रकार सीसीटीएनएस के माध्यम से आर्म्स एक्ट की धारा 31 के अन्तर्गत पश्चातवर्ती अपराधों के लिये दुगनी ' ाास्ति से दण्डनीय बनाया गया है।

लक्ष्य 16.5 सभी प्रकार के भ्रष्टाचार और रिश्वत में व्यापक कमी करना

- भ्रष्टाचार को हतोत्साहित करने और सार्वजनिक स्थानों पर रिश्वत और भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों और उनके निवारण के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं और प्रावधानों को मजबूत करना ।
- वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए बेहतर आईटी उपकरणों और कानूनों के साथ पुलिस बलों को मजबूत करना। संस्थागत स्तर पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना

तथा राज्य स्तर पर भ्रष्टाचार की निगरानी के लिए लोकपाल तंत्र प्रणाली की स्थापना।

- भ्रष्टाचार की घटनाओं को कम करने के लिए नागरिक–केंद्रित अधिकार को सार्वजनिक डोमेन पर रखने और भ्रष्टाचार के मामलों की रिपोर्ट करने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक हेल्पलाइन स्थापित करना।
- यूपी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति "**जीरो टॉलरेंस नीति**" अपनाई है। इस नीति को लागू करने के लिए भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों के पंजीकरण के लिए मार्च 2017 में एक भ्रष्टाचार निरोधी पोर्टल शुरू किया गया है, जिस पर दर्ज की गयी शिकायतें निस्तारण हेतु समयबद्ध हैं और इसकी प्रगति ऑनलाइन देखी जा सकती है।
- भ्र" टाचार सम्बन्धी शिकायतो के निस्तारण हेतु **सभी विभागों में सतर्कता अधिकारी** तैनात किये गये है।

लक्ष्य 16.6 सभी स्तरों पर प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी संस्थानों का विकास करना, शांतिपूर्ण समाज के निर्माण के लिए जवाबदेह और पारदर्शी संस्थान आवश्यक हैं। संस्थागत जवाबदेही और प्रभावी और पारदर्शी कामकाज तीन महत्वपूर्ण कारकों पर निर्भर करता है।

- बहुसंख्यक आबादी के बीच इस तरह के कामकाज के लिए पीढ़ी की मांग।
- प्रणाली में आंतरिक सुधार और बुनियादी ढाँचा, जो इस तरह की माँगों को पूरा कर सकते हैं और प्रवर्तन में मानवीय त्रुटियाँ और विवेकाधीन शक्तियाँ समाहित कर सकते हैं।
- समाज की मुख्य धारा में अपराधियों और पीडितों को वापस लाने का प्रयास। सभी स्तरों पर प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी संस्थानों को विकसित करने, असामाजिक प्रथाओं की घटनाओं को कम करने के लिये नागरिकों को शिक्षित करने की दिशा में राज्य निष्ठापूर्वक निवेश करेगा। यदि नागरिकता प्राथमिक पहचान और जिम्मेदारी बन जाती है, तो ऐसे अपराध, जो कानून के विरोध में हैं, लेकिन जिन्हें सामाजिक स्वीकृति प्राप्त है, जैसे कि बाल श्रम, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज, और अन्य भेदभावपूर्ण व्यवहार जैसे कि लिंग आधारित गर्भपात, लिंग और जाति आधारित भेदभाव, मौजूदा दंडात्मक उपायों की तुलना में अधिक प्रभावी रूप से संनिहित किया जा सकता है। राज्य, पुरू" ाों, महिलाओं, लड़कों और लड़कियों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों और विशेष रूप से सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बीच उपलब्ध सभी मौजूदा प्लेटफार्मों का उपयोग नागरिकता के निर्माण में करेगा । स्कूल पाठ्यक्रम, नागरिकता के निर्माण एवं युवा पीढ़ी को जिम्मेदार रहने के लिए प्रभावी रूप से प्रभावित होगा।

- नागरिकता निर्माण से शांतिपूर्ण समाजों के पोषण, जिसमें नागरिकों के कई समूह शामिल हैं, विभाजनकारी पहचान वाले समुदायों की तुलना में भी अधिक मदद मिलेगी, राज्य, सभी न्याय वितरण तंत्र के प्रशासनिक सुधार को प्राथमिकता देगा और आइ0सी0टी0 नागरिकों के लिए बेहतर पारदर्शी और जवाबदेही सक्षम बुनियादी ढाँचा तैयार करेगा।

विशेष रूप से किशोर मामलों में पुर्नस्थापना संबंधी न्याय को बढ़ावा देना

अपराध और हिंसा यूपी जैसे बहुलवादी समाज के लिए सतत विकास और सामाजिक सामंजस्य स्थापित करने में एक प्रमुख बाधा है। आपराधिक न्याय का प्रतिकूल मॉडल अपने एकमात्र उद्देश्य के रूप में, अपराधी को दंडित करने के साथ, महंगा और उल्टा साबित हुआ है। राज्य सामंजस्य और रिश्तों की बहाली के उद्देश्य से अधिक लोकतांत्रिक मॉडल के साथ प्रयोग करने का प्रयास करेगा। आपराधिक न्याय प्रणाली की सुधार समिति (2003) की सिफारिश के आधार पर भारत ने प्ली बार्गेनिंग के अन्तर्गत आपराधिक मामलों की दंड प्रक्रिया संहिता के अध्याय ग्ग्.। के तहत परीक्षण के बिना 07 साल तक के कारावास के दंड से दंडित करने के लिए संहिता को अपनाया है।

विशेष रूप से किशोरघरों में उन लोगों को बहाल करने और सांप्रदायिक संघर्ष, पारिवारिक विवाद आदि जैसे मामलों में राज्य, उत्तरोत्तर सहायक विभागों और संस्थानों के साथ सामंजस्य स्थापित करेगा ।

करने की स्थिति के लिए आवश्यक संरचनात्मक सुधार लाने की दिशा में काम करेगा। इसमें कानून व्यवस्था की स्थिति का प्रबंधन करने के लिए बेहतर उपकरण (हथियार, कैमरा, कंप्यूटर या अन्य आईटी संबंधित सेवाएंआदि) शामिल होंगे, पुलिसिंग के लिए तनाव मुक्त वातावरण और अन्य कर्तव्यों के निर्वहन के लिए, स्थानान्तरण, पोस्टिंग, पदोन्नति के लिए पर्याप्त और पारदर्शी उपाय किये जायेंगें।

- प्रत्येक अदालत में पर्याप्त संख्या में कुशल लोक अभियोजकों के माध्यम से गरीब, जरूरतमंद व्यक्ति और समाज के कमजोर वर्गों के सदस्यों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए लीगल एड–कम–लिट्रेसी क्लीनिक स्थापित किया गया है।
- डिजिटल प्लेटफॉर्म सिस्टम के माध्यम से हाशिए पर रहने वाले और कमजोर वर्गों के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली की बढ़ती पहुंच **विकल्प** के समान सक्षम होगी।
- समावेशी भागीदारी और प्रतिनिधिक निर्णय सुनिश्चित करने के लिये पीस कमेटी तथा जनपदों में कम्यूनिटी पुलिसिंग हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार ग्राम सुरक्षा समितियों का भी गठन किया गया है।

प्रचार के लिए नागरिक स्वयं सेवक कार्यक्रम–

1. पॉवर एजेंट प्रोग्राम

महिलाओं और लड़कियों के बीच वूमेन पावर लाइन –1090 द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से एक स्वैच्छिक कार्यक्रम शुरू किया है। इस योजना के तहत स्कूल और कॉलेजों की छात्राओं को पावर एंजल्स (शक्ति परी) के रूप में नामित किया गया है। इस तरह के नामित पावर एंजल्स ने न केवल 1090 कार्यक्रम को सार्वजनिक करने में योगदान दिया, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना भी पैदा की है।

पावर एंजल्स प्रोग्राम की मौजूदा योजना को पावर एजेंट कार्यक्रमों की शुरुआत के माध्यम से आगे बढ़ाया गया है। पावर एजेंट प्रोग्राम में पावर हीरोज/पावर गार्जियन शामिल हैं। स्कूल/कॉलेजों के प्राचार्यों, संस्थान/विश्वविद्यालयों के डीन को इस कार्यक्रम के दायरे में लाया गया है और उन्हें इन संस्थानों के छात्रों के साथ पावर हीरोज के रूप में नियुक्त किया गया है।

2. **सेल्फ डिफेंस प्रोग्राम** के अन्तर्गत जून 2018 से नवंबर 2018 तक एक आत्मरक्षा कार्यक्रम शुरू किया गया । इस पहल के अन्तर्गत लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों, व्यापार मंडल और जिला मजिस्ट्रेट से सहयोग लिया गया।

लक्ष्य 16.8 वैश्विक शासन वाली संस्थाओं में विकासशील देशों की भागीदारी बढाना और उन्हें सुदृढ करना

- प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग द्वारा शासन के साथ–साथ न्यायालयों में दक्षता, पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करना आने वाले वर्षों में सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसमें जांच और मामलों की ऑनलाइन निगरानी और ट्रैकिंग तथा नागरिक चार्टर को लागू करना,प्रत्येक सेवा के लिए एक समय सीमा प्रदान करना शामिल होगा।
- निर्वाचित पंचायती राज संस्थान के सदस्यों को घरेलू हिंसा, भूमि विवाद, बाल शोषण, आदि जैसी घटनाओं से संबंधित कानूनी साक्षरता का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विकल्प

राज्य का एक वेब पोर्टल विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ अपराधों के संबंध में शिकायतों के पंजीकरण और प्रसंस्करण के लिए समर्पित है। यह पंजीकृत मामलों में अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक अभिनव डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करता है।

- अपराध कर विदेश भाग जाने वाले अपराधियों के प्रत्यर्पण हेतु पुलिस महानिदेशक कार्यालय में इण्टरपोल अधिकारी की नियुक्ति की गयी है।
- समय–समय पर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रा" ट्र ' ान्ति सुरक्षा मिशन में भेजा जाता है, वहां उनके द्वारा वि' व ' ान्ति की स्थापना में अपना योगदान दिया जाता है।

लक्ष्य 16.9 वर्ष 2030 तक जन्म पंजीकरण सहित सभी के लिये वैधानिक पहचान उपलब्ध कराना

- राज्य में जन्म पंजीकरण प्रणाली को फिर से लागू किया जा सके इसके लिए जन्म और मृत्यु अधिनियम, 1969 के पंजीकरण को लागू करने और भारत के रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय के विजन 2020 की सिफारिशों को लागू किया जाएगा ताकि व" ि 2020 तक सार्वभौमिक पंजीकरण और जन्म प्रमाण–पत्र जारी किया जा सके।
- एकल डेटाबेस के लिए सभी पहचान रिकॉर्ड को डिजिटलीकरण करने का प्रयास किया जाएगा। पहचान प्रमाण प्रयोजनों के समान उपयोग करने के लिए

नागरिकों के आधार कार्ड को जन्म प्रमाण पत्र से जोडा जाएगा, जिससे प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित जानकारी के रिकॉर्ड को गांव के स्तर तक मजबूत करने में सहायता मिल सके।

बच्चे का पहला अधिकार सुनिश्चित करना : राज्य में नागरिक पंजीकरण प्रणाली मे सुधार करना

सरकार राज्य में नागरिक पंजीकरण प्रणाली में सुधार करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है।

- प्रणाली को इस प्रकार से पुर्नव्यवस्थित करना कि जन्म लेने वाला प्रत्येक बच्चा को जन्म प्रमाण पत्र चिकित्सा संस्थानों में या पहले टीकाकरण के दौरान ही प्राप्त हो जाए। अपंजीकृत जन्म को नियमित टीकाकरण के हिस्से के रूप में ट्रैक करना तथा पंजीकरण प्रक्रिया को सरल कर बैकलॉग को क्लीयर किया जाय, निजी वितरण घरों और अस्पतालों के महत्वपूर्ण आँकड़ों को नागरिक पंजीकरण और (ब्ल्टै) सॉफ्टवेयर के साथ ऑनलाइन जोड़ा जायें।
- पंजीकरण इकाइयों, विशेषकर पंचायत स्तर पर, के लिए आवश्यक स्टेशनरी की व्यवस्था राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अर्न्तगत नागरिक पंजीकरण के लिए पर्याप्त धन आवंटित करना ।
- अतिरिक्त रजिस्ट्रारों और अधिसूचनाओं के साथ मौजूदा पंजीकरण इकाइयों को मजबूत करना – राज्य में 52,553 पंजीकरण इकाइयाँ (ग्रामीण 51,904, शहरी 649) हैं जिनमें नगर निगम, सरकारी अस्पताल, नगर पंचायत, और ग्राम पंचायत शामिल हैं।
- ई–पोर्टल/प्लान प्लस (विकेंद्रीकृत डिजिटल प्लानिंग प्लेटफॉर्म) और आधार डेटा बेस के साथ सीआरवीएस के लिंक की स्थापना और सामंजस्य स्थापित करना।

लक्ष्य 16.10 राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के अनुसार, सूचना की सार्वजनिक पहुंच सुनिश्चित करना और मौलिक स्वतंत्रता की रक्षा करना।



- शैक्षिक संस्थानों, पंचायती राज संस्थानों और नागरिक समाज को लक्षित करते हुए नियमित मीडिया अभियानों के माध्यम से **सूचना का अधिकार अधिनियम** को लोकप्रिय बनाना।
- सूचना का अधिकार कार्यालय नागरिकों की सहायता के लिए लखनऊ में एक हेल्पलाइन नंबर से लैस होगा।
- पुलिस सहित सभी विभागों के कामकाज की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी।

माइलस्टोन

क0	कियाकलाप	2020	2024	2030
1	उ0प्र0 के सभी जनपदों में वन स्टॉप सेंटर की स्थापना	35 जनपद	75 जनपद	
2	ब्लाक स्तरों पर संकट हस्तक्षेप केन्द्रों की स्थापना	25 जनपदों के ब्लाक	50 जनपदों के ब्लाक	75 जनपदों के ब्लाक
3	बच्चों, बुजुर्गो, महिलाओं के लिए देखभाल और सहायता केन्द्रों की स्थापना	10 जनपद	25 जनपद	50 जनपद
4	सार्वभौमिक जन्म पंजीकरण	सभी नवजात	14 व"र्ा के कम	सार्वभौमिक जन्म

	प्राप्त करना		के बैकलाग को समाप्त करना	पंजीकरण
5	एसआरसीडब्लूसी (महिलाओं और बच्चो के लिए राज्य संसाधन केन्द्र की स्थापना)	चिल्ड्रेन सेण्टर को कायम करना, पदों को भरा जाना और केन्द्रों को क्रियाशील करना	ऐसे केन्द्रों से गुणवत्तापूर्ण राजनीति, रणनीति और क्षमता निर्माण को विकसित करना	इस क्षेत्र में चाइल्ड केयर एवं प्रोटेक्शन सेण्टर उत्कृ" टता के एक सम्मानित केन्द्र के रूप में जाना जाता है।

क0	कियाकलाप	2022	2024	2030
1	शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में शासन को मजबूत करने के लिए लोगों की भागीदारी का कुल प्रतिशत।	20%	30%	50%
2	शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में शासन को मजबूत करने के लिए तकनीकी नवाचार का कुल प्रतिशत	20%	30%	50%
3	सभी संस्थानों में नागरिक शिक्षा को समाविश्ट करना	25%	25%	50%
4	सभी संस्थानों में कानूनी साक्षरता कार्यक्रमों को समाविश्ट करना	15%	35%	80%
5	ग्राम पंचायतों के स्तर पर असामाजिक तत्वों के खिलाफ नागरिकों के सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना	20%	30%	50%
6	ग्राम स्तर पर जन्म पंजीकरण	25%	25%	75%
7	लापता बच्चों के बरामदगी का कुल प्रतिशत	30%	50%	80%
8	किशोर लड़कियों के प्रति सभी तरह के दुर्व्यवहार पर संवेदनशीलता कार्यक्रम	30%	45%	70%
9	बाल मित्र पुलिस थाने	20%	30%	50%
10	75 जिलों में मॉडल स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट	20 जनपद	40 जनपद	75 जनपद
11	परिवार पराम" र्ा केंद्र का सुदृढ़ीकरण और क्षमता निर्माण	75 जनपद	75 जनपद	75 जनपद
12	कार्य स्थलों पर यौन उत्पीड़न के प्रति यूपी पुलिस की संवेदनशीलता का प्रतिशत	20 %	35%	45 %
13	महिलाओं और बच्चों के साथ पुलिस स्टेशनों पर प्रशिक्षित यूपी पुलिस के व्यवहार का प्रतिशत	15 %	30%	55 %
14	1090 से लाभान्वित होने वाली महिला जनसंख्या का प्रतिशत	20%	30%	50%
15	1 लाख पावर एजेंट विकसित किया जाना	5000	50,000	1,00,000
16	हिंसा संबंधी मृत्यु दर के सभी प्रारूपों (हत्या, दहेज हत्या) में कमी का प्रतिशत	15%	25%	60%

क0	कियाकलाप	2022	2024	2030
17	दुर्घटना से मृत्यु दर में कमी।	15%	30%	50%

सतत विकास लक्ष्यः 17 लक्ष्य हेतु भागीदारी

विजन

एसडीजी गोल संख्या–17 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से वित्तीय संसाधन जुटाने, वैश्विक तकनीकी सुविधा तंत्र के माध्यम से तकनीकी हस्तांतरण, वर्ष 2020 तक निर्यात को दोगुना करने के विचार के साथ व्यापार तथा वाणिज्य को बढ़ावा देने के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से क्षमता निर्माण का लक्ष्य रखता है। यह लक्ष्य ज्ञान, विशेषज्ञता, तकनीकी और वित्तीय संसाधनों को साझा करने के लिए स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बहु–हितधारकों की साझेदारी को भी लक्षित करता है। यह वर्ष 2020 तक राष्ट्रीय परिदृश्य में आय, लिंग, आयु, जाति, पंथ, धर्म, विकलांगता, भौगोलिक स्थिति और अन्य विशेषताओं संबंधी विश्वसनीय डेटा की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए क्षमता निर्माण का लक्ष्य रखता है। यह लक्ष्य सतत विकास की प्रगति को मापने के लिए एक उपयुक्त व्यवस्था स्थापित करने की आवश्यकता पर बल देता है।

लक्ष्य 17.1 विकासशील देशों को अंतर्राष्ट्रीय समर्थन सहित घरेलू संसाधन जुटाने में मजबूत करना, कर और अन्य राजस्व संग्रह के लिए घरेलू क्षमता में सुधार करना।

लक्ष्य 17.3 कई स्रोतों से विकासशील देशों के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों को जुटाना।

लक्ष्य 17.5 कम विकसित देशों के लिए निवेश प्रोत्साहन व्यवस्थाओं को अपनाना और लागू करना।

लक्ष्य 17.8 2017 तक कम से कम विकसित देशों के लिए तकनीकी बैंक और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार क्षमता–निर्माण तंत्र का पूरी तरह से संचालन करना, विशेष रूप से सूचना और संचार में सक्षम बनाने वाली तकनीकी के उपयोग को बढ़ाना।

लक्ष्य 17.11 विकासशील देशों के निर्यात में महत्वपूर्ण वृद्धि, विशेष रूप से वर्ष 2020 तक वैश्विक निर्यात में कम विकसित देशों के हिस्से को दोगुना करने का उद्दे"य।

लक्ष्य 17.17 प्रभावी सार्वजनिक, सार्वजनिक–निजी और नागरिक समाज की साझेदारी को प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना तथा साझेदारी के अनुभवों एवं रणनीतियों पर निर्माण करना।

लक्ष्य 17.18 वर्ष 2020 तक आय, लिंग, आयु, नस्ल, जाति, प्रवासी स्थिति, विकलांगता, भौगोलिक स्थिति और राष्ट्रीय परिदृश्य में प्रासंगिक स्थिति आधारित विशेषताओं वाली उच्च–गुणवत्ता तथा समय पर विश्वसनीय डेटा की उपलब्धता बढ़ाने के लिए विकासशील दे"ों, कम विकसित देशों और छोटे द्वीपों के लिए क्षमता–निर्माण सहायता बढ़ाया जाना।

लक्ष्य 17.19 वर्ष 2030 तक सतत विकास के मौजूदा पहलुओं की प्रगति हेतु उपायों को विकसित करने के लिए प्रयास करना, जो सकल घरेलू उत्पाद के पूरक हों और विकासशील देशों में सांख्यिकीय क्षमता–निर्माण का समर्थन करते हों।

संसाधन संग्रह

उत्तर प्रदेश सरकार कर संग्रह में अपनी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत, सुधार के प्रमुख क्षेत्र हैं:

- कर आधार को बढ़ाकर जीएसडीपी अनुपात में सुधार।
- कर संरचना का युक्तिकरण।
- राजस्व के करापवंचन एवं क्षरण को रोकना।
- बेहतर कर अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए अधिक कुशल और पारदर्शी कर प्रशासन प्रणाली का विकास।
- राजस्व के नए और अतिरिक्त स्रोतों के दोहन की संभावनाओं की तला" ा करके अतिरिक्त संसाधन जुटाना।
- परिणामों की बेहतरी और स्थायी विकास को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध संसाधनों का कुशल आवंटन और उपयोग।

वर्तमान परिदृश्य

- 2017–20 की अवधि के लिए एसडीजी का वित्त पोषण राज्य बजट/केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है।
- एसडीजी से सम्बन्धित नोडल विभागों द्वारा गोलवार वित्तीय लक्ष्यों की मैपिंग की जा रही है।
- गोलवार वित्तीय लक्ष्यों की मैपिंग के बाद ही इस हेतु आवश्यक अतिरिक्त संसाधनों का आंकलन किया जा सकता है।
- वर्ष 2020–25 के दौरान राज्य का वित्तीय परिदृश्य पन्द्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशों पर निर्भर करेगा।
- राज्य सरकार ने पन्द्रहवें वित्त आयोग के समक्ष केन्द्रीय करों के विभाज्य पूल में राज्यों के अंश को बढ़ाये जाने के लिए अपना पक्ष रखा है।

लक्ष्य के लिए प्रासंगिक प्रमुख संकेतक

- वित्त पोषण के प्रमुख स्रोत में राजस्व प्राप्तियों के घटक यथा राज्य का स्वयं का कर राजस्व, केन्द्रीय करों में राज्यांश, राज्य का करेत्तर राजस्व तथा केन्द्र से सहायता अनुदान हैं।

राजस्व प्राप्तियों के स्रोत

(रू0 करोड़ में)

वर्ष	राज्य का स्वयं का राजस्व		केन्द्रीय अन्तरण		कुल योग
	स्वयं का कर	करेत्तर राजस्व	केन्द्रीय करों में राज्यांश	केन्द्रीय सहायता	
2017–18	97,393	19,795	1,20,939	40,648	2,78,775
2018–19 (पु0अ0)	1,34,300	28,822	1,41,540	75,360	3,80,022
2019–20 (ब0अ0)	1,40,176	30,633	1,52,863	68,062	3,91,734

- प्रदेश के वित्तीय संसाधन एवं व्यय की स्थिति

प्राप्तियों एवं व्यय की समग्र स्थिति

(रू0 करोड़ में)

वर्ष	कुल प्राप्तियाँ	कुल व्यय

2017–18	3,26,427	3,21,823
2018–19 (पु0अ0)	4,39,525	4,49,573
2019–20 (ब0अ0)	4,70,684	4,79,701

लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य योजना

- राजस्व प्राप्तियो से सम्बन्धित विभागों की प्राप्तियों की स्थिति की निरंतर समीक्षा की जा रही है।
- बजटीय संसाधन की उपलब्धता के दृष्टिगत् परिणामों को अधिकतम करने के लिए एसडीजी के लक्ष्यों के अन्तर्गत योजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करनी होगी।
- प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को इंगित कर उन्हें सर्वप्रथम वित्त पोषित करने की आवश्यकता है।
- सार्वजनिक निजी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाना होगा।
- लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यक्तियों, सिविल सोसायटी, गैर सरकारी संगठनों को शामिल कर अतिरिक्त संसाधन जुटाया जाना प्रस्तावित है।

संसाधन वृद्धि के प्रयास

संसाधन वृद्धि के किये गये प्रयास का विवरण विभागवार निम्नवत् हैः–

जी0एस0टी0 एवं वैट

- रिटर्न दाखिले में उत्तर प्रदेश का स्थान अग्रणी राज्यों में है। देश के प्रतिशत से लगभग 3 प्रतिशत अधिक है।
- वर्श 2019–20 मे देय रिटर्न दाखिल करने हेतु 17.25 लाख एस0एम0एस0। रिटर्न दाखिल न करने वाले व्यापारियों के विरूद्ध अब तक 9.35 लाख नोटिस जारी।
- विभिन्न श्रेणी के एमआईएस बनाकर डिफाल्टर की नियमित जांच व अनुश्रवण।
- प्रदेश में जी0एस0टी0 के 8.63 लाख नये डीलर्स पंजीकृत। जिनमें वर्ष 2019–20 में 57 हजार नये पंजीयन। प्रदेश में 14.87 लाख कुल डीलर्स पंजीकृत।
- विभागीय मोबाइल ऐप **ई–वे बिल कलेक्शन** के माध्यम से ई–वे बिल का सत्यापन कार्य किया जाना।
- रिटर्न दाखिला की पूर्व सूचना के लिए एस0एम0एस0 किया जाना।
- नॉन फाइलर को ऑनलाइन नोटिस जारी किया जाना ।
- प्रवर्तन कार्य ऑनलाइन जिसमें मोबाइल मैनेजमेण्ट सिस्टम (सचल दल) व एसआईबी मैनेजमेण्ट सिस्टम (वि0अनु0भा0) क्रियान्वित।

- सचल दल के वाहनों पर व्हेकिल ट्रेकिंग सिस्टम व कमॉण्ड सेन्टर मुख्यालय से अनुश्रवण।
- आर0एफ0आई0डी0– प्रदेभा में 41 प्रवेभा मार्गों पर आर0एफ0आई0डी0 रीडर स्थापित। जी0एस0टी0 काउन्सिल द्वारा प्रदेभा के आर0एफ0आई0डी सिस्टम की सराहना।
- प्रदेश में परिवहित मालवाहक वाहनों पर 3 लाख RFID टैग स्थापित।
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस– सिनेमा इत्यादि के लाइसेंस की प्रकिया ऑनलाइन।

आबकारी

- आसवनियों में उत्पादकता एवं निकासी को बढ़ाया जाना।
- दुकानों एवं अन्य आबकारी अनुज्ञापनों का प्रभावी निरीक्षण किया जाना।
- प्रवर्तन कार्यों पर वि" ोश बल दिया जाना।

स्टाम्प तथा निबन्धन

- मा0 उच्च न्यायालय में लम्बित लगभग 4717 स्टाम्प रिटों एवं मा0 सी0सी0आर0एम0 में लम्बित 2685 स्टाम्प वाद के भीध्र निस्तारण हेतु समस्त उप/सहायक आयुक्त स्टाम्प को निर्दे" ा।
- मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय के क्रम में आम्रपाली बिल्डर्स द्वारा आवंटियों के पक्ष में फ्लैटों का निबन्धन।
- भोयर ट्रांजेक" ान पर प्राप्त होने वाली स्टाम्प ड्यूटी संग्रहण के लिए बी0ओ0आई0एस0एल0 से अनुबन्ध।
- विभाग द्वारा भोयर ट्रांजेक" ान पर वर्श 2008 से भूतलक्षी प्रभाव से स्टाम्प भाुल्क वसूली।

परिवहन

- समस्त उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) को बकाये की वसूली के सम्बन्ध में कार्य योजना बनाकर चेकिंग के निर्दे" ा निर्गत।
- 06 माह से अधिक बकाया (गुडस एण्ड पैसेन्जर टैक्स) रहने वाली वाहनों के दिनांक 15.09.2019 तक वसूली पत्र निर्गत करने के निर्दे" ा।
- वसूली पत्र में निहित धनरा" ा की वसूली के सम्बन्ध में प्रभावी अनुश्रवण के निर्दे" ा।
- प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने व अधिक भाुल्क वसूलने के सम्बन्ध में निर्दे" ा निर्गत।

भूतत्व एवं खनिकर्म

- निजी भूमि से उपलब्ध उप–खनिज ईमारती पत्थर, बालू/मोरम के खनन परिहार स्वीकृत किये जाने हेतु उत्तर प्रदे" ा उप–खनिज (परिहार) तथा सं" ोधित (47वां सं" ोधन) नियमावली–2019 में प्राविधान किये गये हैं।

- एक व्यक्ति को बालू/मोरम आदि के दो खनन अथवा 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल निर्धारित किया गया है, इससे अधिक से अधिक व्यक्तियों में प्रतिस्पर्धा होगी एवं अधिक से अधिक खनन परिहार स्वीकृत होंगे।
- उपखनिजों की उपलब्धता सुनि" चत किये जाने हेतु खनन योजना, पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र एवं पट्टा विलेख निश्पादन के समयबद्ध प्राविधान किये गये है।
- ओवरलोडिंग को रोकने हेतु खनन स्थल पर ही खनन पट्टाधारकों को उत्तरदायी निर्धारित किया गया है।
- अवैध परिवहन के मामले में अवैध परिवहनकर्ता के साथ–साथ पट्टाधारक को भी उत्तरदायी बनाया गया है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विकास

- एसटीपीआई ने नोएडा, लखनऊ, कानपुर और इलाहाबाद में आईटी पार्क स्थापित किए हैं। इसके अलावा 5 और आईटी पार्क राज्य के टीयर II और टीयर III शहरों में स्थापित किए जा रहे हैं (आगरा, मेरठ, गोरखपुर, बरेली)।
- भारत सरकार की बीपीओ प्रोत्साहन योजना के तहत राज्य भर में कॉल सेन्टर/बीपीओ स्थापित किए गए हैं। कुल क्षमता 3400 सीटों की है जिसमें अनुमानित लक्ष्य लगभग 5000 लोगों का है।
- विभाग द्वारा पहले तय किए गए 58,000 वीएलई के लक्ष्य के मुकाबले 80,000 से अधिक पंजीकृत ग्राम स्तरीय उद्यमी (वीएलई) हैं।
- जिला, तहसील और ब्लॉक कार्यालयों में खराब कनेक्टिविटी की चुनौतियों को दूर करने के लिए सरकार द्वारा SWAN 2.0 की परिकल्पना की गई है।
- राज्य को लगभग 3.50 लाख लोगों के लिए रोजगार के अवसरों के साथ ESDM सेक्टर में लगभग रू0 31000 करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ।
- राज्य सरकार ने लखनऊ–सुल्तानपुर राजमार्ग पर रू0 485 करोड़ के निवेश के साथ 100 एकड़ का एचसीएल आईटी शहर स्थापित किया है। आईटी सिटी वर्तमान में 3500 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार देता है और 1400 सीटर कौशल विकास केन्द्र से लैस है जिसने अब तक 1000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया है।

निर्यात प्रोत्साहन

- निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन की जा चुकी है।
- अनुदान की धनराशि सीधे लाभान्वित निर्यातक इकाइयों के बैंक खाते में ई–ट्रान्सफर के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है।
- प्रदेश के निर्यातकों को त्वरित, सुविधाजनक एवं पारदर्शी तरीके से आनलाईन पंजीकरण की सुविधा।

डेटा बेस का सुदृढ़ीकरण

जी0आई0एस0 सिस्टम का क्रियान्वयन

- प्रदेश में वर्ष 2018–19 से सभी कार्यक्रमों/योजनाओं/ परियोजनाओं के नियोजन, अनुश्रवण, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन को जियो–इन्फार्मेटिक्स सिस्टम आधारित प्रणाली के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया है।
- प्रदेश के सभी विभागों को शासनादेश दिनांक 17 जुलाई, 2018 द्वारा दिशा– निर्देश निर्गत किये गये हैं कि विभागीय एवं सार्वजनिक उपयोग में आने वाली सभी परिसम्पत्तियों की जियो–टैगिंग की जाएगी। इस जियो डेटा बेस के उपयोग से वास्तविक स्थिति का आंकलन, रियल–टाइम मानीटरिंग, एकीकृत व्यवस्था, मितव्ययिता इत्यादि में सुविधा होगी।
- प्रथम चरण में निर्माणाधीन परिसम्पत्तियों की जियो–टैगिंग की जायेगी साथ ही प्रत्येक नये कार्य के लिए भी अपनायी जायेगी। द्वितीय चरण में पूर्व में निर्मित सभी परिसम्पत्तियों की जियो–टैगिंग करायी जाये।
- प्रदेश में जी0आई0एस0 के क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार के नेशनल ई–गवर्नेन्स डिवीज़न, इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन्स एण्ड जियो इंफार्मेटिक्स, गुजरात (बाईजैग) के सहयोग से निःशुल्क विभागीय जियो–पोर्टल विकसित कर क्रियान्वित किया जा रहा है।
- प्रोजेक्ट के संचालन हेतु नेशनल ई–गवर्नेन्स डिवीज़न, इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार से नियोजन विभाग के मध्य एक अनुबन्ध दिनांक 08.03.2019 को हस्ताक्षरित हुआ है। उक्त प्रोजेक्ट की अवधि हस्ताक्षर के दिनाँक से 02 वर्ष की है।
- कार्य को पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित विभागों के सहयोग से एक रोड–मैप तैयार किया गया है। विभागीय डेटा के आधार पर जियो पोर्टल विकसित कर क्रियान्वित किये जाने हेतु माह मई, 2019 से जनवरी, 2021 की समयावधि निर्धारित की गयी है।
- विभागों/उप विभागों/संस्थाओं/निगमों के डेटा के आधार पर 103 जियो–पोर्टल्स विकसित किये जा चुके हैं जिनके क्रियान्वयन की कार्यवाही प्रचलित है।
- केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा निर्धारित मुख्य संकेतक से सम्बन्धित आंकड़ों/सूचनाओं को आनलाइन प्राप्त करने एवं सांख्यिकीय कार्यों हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय के लिए पोर्टल विकसित किया जाना है।
- अर्थ एवं संख्या प्रभाग में सम्पादित होने वाले सांख्यिकी कार्यों यथा–वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक एवं विभिन्न प्रकार के भावों/दरों के एकत्रित आंकड़ों को क्षेत्रीय कार्यालयों से त्वरित माध्यम से प्राप्त करने के उद्देश्य से ASI, IIP, मूल्य आदि माड्यूल्स का निर्माण किया गया।
- राज्य आय अनुमानों (जी0एस0डी0पी0 एवं जी0डी0पी0) के आंकलन के कतिपय डेटा गैप को दूर किये जाने के दृष्टिगत राज्य आय अनुमानों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चिन्हित विषयों का अध्ययन कराया जा रहा है।

प्रदे”ा के विकास एवं वित्तीय मानकों से सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण आंकड़े

मध्यकालिक नीति पत्रक, 2019 जो सदन में बजट वर्ष 2019–20 के साथ प्रस्तुत किया गया है, के अनुसार आगामी तीन वर्शों के चल लक्ष्य तालिका 8.1 के अनुसार निर्धारित किये गये है।

राज्य की वित्तीय स्थिति

(रू0 करोड़ में)

मद	2018-19 बजट अनुमान	2018-19 पुनरीक्षित अनुमान	2019-20 बजट अनुमान	अगले तीन वर्षों के लिए		
				2020-21	2021-22	2022-23
कुल प्राप्तियॉ	420899.46	439525.27	470684.48	523079.53	586301.23	657634.94
कुल व्यय	428384.52	449573.29	479701.10	532526.83	591680.03	663883.92

व्यय की मुख्य मदें वर्ष 2017–18 से वर्ष 2019–20 (ब0अ0) तालिका 8.2 में दिये गये हैं:–

व्यय की मुख्य मदें

(रू0 करोड़ में)

क	मद	2017–18			2018–19 (पु0अ0)			2019–20 (ब0अ0)		
		राजस्व	पूँजीगत	योग	राजस्व	पूँजीगत	योग	राजस्व	पूँजीगत	योग
1	शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति	46141	938	47079	55469	2138	57607	60774	2164	62938
2	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	14792	2112	16904	17924	2811	20735	20554	3329	23883
3	जलापूर्ति, आवास व शहरी विकास	6504	7576	14080	12169	15893	28062	18195	15179	33374
4	समाज कल्याण व पोषण	10804	421	11225	18002	960	18962	21030	907	21937
5	कृषि व सम्बद्ध कार्यकलाप	27265	1614	28879	14315	963	15278	10811	1522	12333
6	ग्राम्य विकास	17086	2313	19399	31037	4185	35222	25132	5145	30277
7	सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण	6981	3107	10088	7705	7980	15685	10268	8421	18689
8	ऊर्जा	7161	8313	15474	10416	21750	32166	16048	10456	26504
9	पुलिस व न्याय प्रशासन	15794	606	16400	18201	834	19035	24076	2597	26673
10	परिवहन, सड़क तथा सेतु सहित	4125	8325	12450	4412	23637	28049	5096	22565	27661

क	मद	2017–18			2018–19 (पु0अ0)			2019–20 (ब0अ0)		
		राजस्व	पूँजीगत	योग	राजस्व	पूँजीगत	योग	राजस्व	पूँजीगत	योग
11	निकायों को समनुदेशन	11555	---	11555	12187	---	12187	14500	---	14500
12	अन्य	98016	20274	118290	130937	35648	166585	137473	43459	180932
कुल योग		**266224**	**55599**	**321823**	**332774**	**116799**	**449573**	**363957**	**115744**	**479701**